आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 169- ● जबलपुर ● मंगलवार, 20 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

### दूसरा वनडे आज



भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला जाएगा। शिखर धवन की कप्तानी वाली टीम इंडिया का इरादा इस मैच में अजेय बढ़त लेना का होगा।

# औंधे मुंह गिरे अडाणी के शेयर, चार कंपनियों में लगा लोअर सर्किट

## दिग्गज को झटका

## सेबी की जांच संबंधी खबर के बाद बाजार में गिरावट, कंपनी की ओर से दी गई सफाई

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को खबर आई थी कि डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) अडाणी समूह की कुछ कंपनियों की जांच कर रहे हैं।जबकि अडाणी समूह ने अहमदाबाद में बयान जारी कर कहा कि उसे हाल ही में सेबी से कोई नोटिस नहीं मिला है और जहां तक डीआरआई के कारण बताओ नोटिस का सवाल है तो वह उसे पांच साल पहले दिया गया था। कंपनी के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि समूह की कंपनियों की सेबी व कस्टम्स विभाग द्वारा जांच की खबरों पर सफाई देते हुए यह बात कही। लेकिन इस बीच गौतम अडाणी की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। मंगलवार को शेयर बाजार खुलते ही अडाणी की छह में से तीन कंपनियों में लोअर सर्किट लग गया और कारोबार के कुछ मिनटों बाद ही उनकी एक और कंपनी ने लोअर सर्किट का स्तर छुआ। अन्य दो कंपनियों में भी गिरावट जारी रही। अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी



टोटल गैस लिमिटेड, अडाणी ग्रीन और अडाणी पावर के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है।

दोपहर 12 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.07 फीसदी की गिरावट के साथ 1352.00 पर था। अडाणी पावर का शेयर 4.99 फीसदी नीचे 97.20 के स्तर पर था। ट्रांसमिशन के शेयर में 5.00 फीसदी की गिरावट आई और यह 920.55 पर था। इस दौरान अडाणी टोटल गैस भी 5.00 फीसदी की गिरावट के साथ 813.60 पर था। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में भी गिरावट आई। यह 4.88 फीसदी नीचे 928.50 पर था। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के शेयर 1.49 फीसदी नीचे 663.65 के स्तर पर थे।

### वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सदन में दी थी जानकारी

दरअसल सोमवार को वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सदन में अडाणी समूह के बारे में बड़ी बात कही थी। चौधरी ने कहा कि डीआरआई और सेबी अडाणी समूह की कुछ कंपनियों की जांच कर रही है। यह जांच सेबी के नियमन संबंधी है। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट की तरफ से किसी तरह की जांच नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा था कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की होल्डिंग अडाणी ग्रुप के शेयरों में डे-टू-डे ट्रेडिंग के आधार पर है। इस बीच अडाणी समूह ने स्पष्टीकरण दिया है कि सेबी से उसे हाल में कोई पत्र नहीं मिला है। जबकि डीआरआई का नोटिस पांच साल पुराना है।

## क्विक अपडेट



### तिरुपति मंदिर में भक्त ने चढाई 5 किलो की सोने की तलवार

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में हर साल लाखों करोड़ों रुपए का दान आता है, लेकिन कभी-कभी कोई भक्त खुद ही इतना दान कर देता है कि सुर्खियों में आ जाता है। हाल ही में तिरुपति बालाजी मंदिर में हैदराबाद के मंदिर में पांच किलो से ज्यादा सोने की निर्मित तलवार मंदिर में दान की है। इस सोने की तलवार की अनुमानित कीमत 1 करोड़ के लगभग बताई जा रही है।

### नारायणपुर में नक्सलियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद, एक घायल

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के आमादई व शिव मंदिर मार्ग के बीच नक्सलियों से मुठभेड़ में आईटीबीपी के एक जवान शहीद हो गए हैं जबकि एक अन्य घायल हैं। नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप के लिए रोड ओपनिंग पार्टी लगाई गई थी। इसी दौरान मुठभेड़ हुई है। बस्तर आइजी सुंदरराज पी ने कहा है कि अभी मुठभेड़ जारी है। शहादत व घायल की पुष्टि उन्होंने फिलहाल नहीं की है।

### पूर्व मंत्री का हैवान बेटा 200 लड़कियों से की छेड़छाड़, एक का रेप

**जम्मू।** यहां दोमाना पुलिस ने छह साल पुराने दुष्कर्म के मामले में पूर्व मंत्री के बेटे के खिलाफ चालान पेश किया है। पूर्व मंत्री अब्दुल गनी वकील के बेटे आबिद गनी पर सातवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप है। यही नहीं, अब्दुल गनी के बेटे पर बंगलुरू में भी दुष्कर्म का मामला दर्ज है। पुलिस का यह भी कहना है कि बंगलुरू में मंत्री के बेटे ने 200 लड़कियों से छेड़छाड़ की है। ऐसा उसने बंगलुरू पुलिस के समक्ष खुद कबूला था।

### शराब मफिया पर एनएसए

**इंदौर, भोपाल।** गृहमंत्री और इंदौर के प्रभारी मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को इंदौर में शराब माफिया के बीच हुई गैंगवार को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि इंदौर में शराब माफिया पर एनएसए के तहत कार्रवाई होगी। सरकार इस मामले को लेकर काफी गंभीर है,साथ ही इनकी संपत्ति नेस्तनाबूद करने की कार्रवाई भी होगी।

## लखनऊ के अस्पतालों में छापे



### फ्रिज में दवाओं की जगह बीयर!


**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में बिना मानक के चल रहे 45 अस्पतालों पर जिला प्रशासन की छह टीमों ने रविवार को छापा मारा। ज्यादातर अस्पतालों के पास लाइसेंस ही नहीं मिला। किसी के पास तो वह एक्सपायरी था। ज्यादातर जगह तो डॉक्टर ही नहीं मिले। एक अस्पताल में तो बीएससी पास संचालक ही मरीज का इलाज कर रहे थे। नर्सिंग व ओटी टेक्नीशियन का काम छात्रों के जिम्मे मिला। यही नहीं, ओटी के फ्रिज में दवाओं की जगह बीयर की बोतलें मिलीं। छापे के बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने 29 अस्पतालों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि अस्पताल प्रबंधन ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मॉडर्न हॉस्पिटल मैटरनिटी एंड ट्रॉमा सेंटर में तीन आईसीयू के बेड मिले लेकिन एक्स-रे व इमरजेंसी की सुविधाएं नहीं थीं। डॉक्टर नहीं मिले, स्टाफ नर्स के पास नर्सिंग की डिग्री तक नहीं थी।

## पेगागस जासूसी के मुद्दे पर विपक्ष के तीखे तेवर

# जासूसी हंगामा, चार मिनट चल सका सदन

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। मानसूत्र सत्र के दूसरे दिन भी पेगागस जासूसी के मुद्दे पर जमकर हंगामा होने के आसार नजर आ रहे हैं। एक ओर जहां सरकार मानसून सत्र के दौरान कई विधेयकों को पारित कराना चाहती हैं, वहीं दूसरी ओर विपक्ष भी कोरोना से निपटने में कुप्रबंधन, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और किसान आंदोलन के मुद्दे पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है। मंगलवार यानी आज केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में कोरोना पर सदन में राजनीतिक दलों के नेताओं को संबोधित करेंगे और सरकार की ओर से किए गए कोरोना प्रबंधन पर प्रजेंटेशन भी देंगे।

मानसून सत्र के दूसरे दिन 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू हो गई है। पेगासस जासूसी विवाद को लेकर राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होने के मात्र चार मिनट बाद ही लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं राज्यसभा को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।



### पहले डिस्कसन उसके बाद प्रेजेंटेशन- खड़गे

कांग्रेस पार्टी की ओर से मोदी सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसीलिए आज शाम को स्वास्थ्य सचिव की ओर दी जाने वाली प्रजेंटेशन को लेकर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, पहले डिस्कसन उसके बाद प्रेजेंटेशन। अगर वे डिस्कसन नहीं चाहते और सभी सांसदों को प्रेजेंटेशन देना है तो सेंट्रल हाल में दें। अगर कोविड की वजह से आप एक ही जगह नहीं बैठा सकते तो दो दिन कर सकते हैं या सुबह शाम एक दिन में भी कर सकते हैं।

### पेगासस पर आज बयान देंगे संचार मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज राज्यसभा में पेगासस प्रोजेक्ट पर बयान देंगे।

**पीएम मोदी बोले-** विपक्ष में निराशा, इसलिए चर्चा से भाग रहा मानसूत्र सत्र के दूसरे दिन भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी मंत्री और सांसद मौजूद रहे। संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष निराश है, इसलिए चर्चा से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरोपों की राजनीति करती है। कांग्रेस कई राज्यों में खत्म होती जा रही है, इसलिए चर्चा करने के बजाय हंगामा कर रही है।

### आज इन मुद्दों पर बवाल

मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों का परिचय कराने के दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया था, जिसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी थी। पहले दिन पेगासस जासूसी कांड पर विपक्ष ने जमकर हमला किया। वहीं आज पेगासस जासूसी कांड के अलावा कोरोना की भीषण त्रासदी, किसान आंदोलन, महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल के दाम, चीन और रफाल जैसे मुद्दों पर भी बवाल हो सकता है।

# 3 लाख की रिश्वत लेते रूलर हेल्थ इंजीनियर गिरफ्तार

## भोपाल के हबीबगंज स्टेशन पर जबलपुर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर लोकायुक्त ने भोपाल के हबीबगंज स्टेशन के बाहर नेशनल रूलर हेल्थ मिशन के इंजीनियर को 3 लाख रुपए (2 लाख नकद और 1 लाख रुपए का चेक) रिश्वत लेते हुए मंगलवार को दबोचा है। आरोपी ने सिवनी जिला अस्पताल में 40 लाख रुपए के मेंटेनेंस बिल को पास करने के एवज में 10त्न की घूस मांगी थी। पिछले एक साल से 5 लाख रुपए का आखिरी बिल अटका कर रखा था। लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े के मुताबिक 15 जुलाई को साईं विहार कॉलोनी सुहागी अधारताल जबलपुर निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा ने मामले की शिकायत की थी। चंद्रभान हेल्थ कांट्रेक्टर हैं। उन्होंने एक साल पहले सिवनी जिला अस्पताल में 40 लाख रुपए मेंटेनेंस का कार्य कराया था। इसका ठेका राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वितीय तल सतपुड़ा भवन भोपाल से हुआ था। वहीं से बिल भी पास होना था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वितीय तल सतपुड़ा भवन भोपाल में तैनात प्रभारी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ऋषभ जैन (58) पिछले एक साल से बिल भुगतान के लिए दौड़ा रहा था। ठेकेदार चंद्रभान विश्वकर्मा के मुताबिक 35 लाख रुपए का बिल अलग-अलग पास हो चुका था। आखिरी के 5 लाख रुपए के लिए ऋषभ जैन परेशान कर रहा था। भुगतान के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहा था। एक लाख रुपए वह दे चुका है।



### 16 जुलाई को कराई रिकॉर्डिंग

शिकायतकर्ता को रिकॉर्डर देकर 16 जुलाई को आरोपी के पास भोपाल भेजा। वहां उनकी बातचीत को ट्रैप कराया। आरोपी ने रुपए लेकर 20 जुलाई की सुबह हबीबगंज स्टेशन के बाहर चंद्रभान विश्वकर्मा को बुलाया था। एसपी के निर्देश पर डीएसपी दिलीप झरबड़े की अगुवाई में टीआई स्पनिल दास गुप्ता, कमल सिंह उईके, नरेश बहरा, भूपेंद्र दीवान आरक्षक दिनेश दुबे, अमित मंडल, जीत सिंह की टीम ठेकेदार को लेकर सड़क मार्ग से भोपाल पहुंची। रिश्वत की रकम लेते ही दबोचा आरोपी ऋषभ जैन ने आवेदक चंद्रभान विश्वकर्मा को हबीबगंज स्टेशन पर बुलाया था। सुबह नौ बजे चंद्रभान ने वहां पहुंचने की बात कही। चंद्रभान ने ट्रेन से आने के बारे में बताया था। सफेद कुर्ता पायजामा पहने ऋषभ जैन पहुंचा और जैसे ही रिश्वत की रकम ली, वहां मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी हाथ छुड़ाकर भागने की भी कोशिश की, लेकिन टीम ने पकड़ लिया।

## SC की लताड़..बाजार के दबाव में लोगों की जान से खिलवाड़



**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में केरल सरकार की ओर से बकरीद पर लॉकडाउन में ढील दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा, यह अफसोस की बात है कि राज्य सरकार व्यापारी संगठनों के दबाव में आ गई। उन इलाकों में भी दुकान खोलने की अनुमति दी जहां कोरोना दर 15 फीसदी से अधिक है और लोगों की जान को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बकरीद के मद्देनजर लॉकडाउन में ढील देने पर केरल सरकार को जमकर लताड़ लगाई। कहा कि यह चौंकाने वाली स्थिति है। राज्य सरकार ने ट्रेडर्स समूह के दबाव में बाजार खोल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल सरकार का हलफनामा चिंताजनक। यह भारत के सभी नागरिकों को जीवन के अधिकार की गारंटी नहीं देता है। केरल सरकार ने इस तरह की छूट देकर देश के नागरिकों के लिए राष्ट्रव्यापी महामारी के जोखिम को बढ़ा दिया है। अगर अगर बकरीद के लिए राज्य द्वारा दी गई ढील से कोविड का और प्रसार होता है, तो वह कार्रवाई करेगा।

## मणिपुर में कांग्रेस को झटका



**इंफाल ।** संसद के मानसून सत्र के बीच कांग्रेस पार्टी का तगड़ा झटका लगा है। मणिपुर में कांग्रेस के प्रदेश कमिटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष गोविंददास कोंथौजम ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि राज्य में कांग्रेस के आठ विधायक आज भाजपा में शामिल हो सकते हैं। मणिपुर अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ा झटका है। गोविंददास कोंथौजम कांग्रेस पार्टी से बिष्णुपर विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार विधायक चुने गये थे।

## कुन्द्रा की कंपनी भारत में बनातीं थी पोर्न फिल्में

**नई दिल्ली।** शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पोर्न फिल्में बनाने और एप पर अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक, राज कुंद्रा ने पोर्न इंडस्ट्री में 8-10 करोड़ रुपये का निवेश किया था। क्राइम ब्रांच ने सोमवार को पहले राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया था और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। क्राइम ब्रांच का कहना है कि फरवरी 2021 में क्राइम ब्रांच ने मुंबई में अश्लील फिल्म बनाने और उन्हें कुछ एप्स पर दिखाने का मामला दर्ज किया था। आपको बता दें, अश्लील फिल्म की शूटिंग के मामले में क्राइम ब्रांच ने इसी साल फरवरी में केस दर्ज किया था और मामले की छानबीन कर



रही थी। JL Stream नामक ऐप के मालिक राज कुंद्रा इंडियन प्रीमियर लीग की टीम राजस्थान रॉयल्स के भी सह-मालिक हैं।मुंबई क्राइम ब्रांच ने कहा है कि राज कुंद्रा इस पूरे मामले के मास्टर माइंड हैं। राज कुंद्रा और उनके ब्रिटेन में रह रहे भाई ने केनरिन नाम की एक कंपनी बनाई है। जिसपर पोर्न फिल्में दिखाई जाती हैं। फिल्मों के वीडियो भारत में शूट किए जाते थे और वी ट्रांसफर के जरिए उन्हें विदेश भेजा जाता था।इस कंपनी का राज कुंद्रा ने विदेश में रजिस्ट्रेशन इसलिए करवाया ताकि साइबर लॉ से बच सकें। इन फिल्मों को पेड मोबाइल एप्लिकेशन पर रिलीज किया गया था। होटल्स और घरों को किराये पर लेकर इनमें पोर्न फिल्में शूट की जाती थीं। मॉडल्स को काम देने के बहाने इन अश्लील फिल्मों में काम कराया जाता था।

## मप्र कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका, नगर निगम और नगर पंचायत के अंदर जो प्राइवेट बस स्टैंड होते थे, अभी सरकार उनकी भूमि खेल मैदान, फिल्टर प्लांट के लिए, कचरा घर के लिए, अस्पतपाल के लिए ऐसे प्रकल्प है जिसने नगर पालिका को आय नहीं होती, उन्हें निःशुल्क भूमि दी जाए, इसे आम राय से पास किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर प्रशासन मंत्री को इस ओर ध्यान देने के लिए कहा कि हम प्राइवेट बस स्टैंड को किस आधार पर और व्यवस्थित कर सकते हैं, इस विषय पर विचार करें। आज एनटीपीसी द्वारा छतरपुर जिले में भूमि पर सोलर प्लांट लगाने हेतू भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए अनुमति दी गई है।





# एमपी में टीसीएस और इंफोसिस को नोटिस

**इंदौर।** सुपर कारिडोर पर रियायती दरों में जमीन लेने के बावजूद 50 फीसद मध्य प्रदेश के लोगों को रोजगार नहीं देने पर प्रशासन ने आइटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस को नोटिस दिया है। कंपनियों को तय समयावधि में परिसर में 10 लाख वर्गफीट निर्माण भी करना था, लेकिन एक तिहाई पर ही काम हुआ। प्रशासन ने दोनों कंपनियों को 23 जुलाई तक दिए गए रोजगार की जानकारी देने के लिए कहा है। सुपर कारिडोर पर इंफोसिस को 130 एकड़ जमीन दी गई थी। शासन ने 13 हजार प्रदेशवासियों को रोजगार देने की शर्त रखी थी, लेकिन रोजगार मिला सिर्फ 672 लोगों को। टीसीएस कंपनी को भी 15 हजार लोगों को रोजगार देना था, लेकिन साढ़े चार हजार लोगों को ही रोजगार दिया। सुपर कारिडोर पर दोनों कंपनियों को कुल 230 एकड़ जमीन दी थी। कंपनियों की मांग पर इंदौर विकास प्राधिकरण ने नर्मदा लाइन भी बिछाई थी। एसइजेड स्वीकृत कराकर कंपनियों ने अन्य रियायतें भी ली थी। प्राधिकरण ने किसानों से जमीन लेकर आइटी विभाग को हस्तांरित की थी। इसके बाद विभाग ने दोनों कंपनियों को जमीन दी थी। गौरतलब है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान पिछले दिनों जब इंदौर आए थे तो उन्होने कहा था कि टीसीएस और इंफोसिस ने जमीन तो खूब ले ली, लेकिन मध्य प्रदेश के लोगों को रोजगार बहुत कम दिया। शिवराज नाखुश थे।





रोजगार नहीं देने पर शिवराज नाराज

## 7 मकानों में लगी आग, एक की मौत



**खंडवा।** खंडवा जिले के पंधाना स्थित ग्राम बाबली में सात मकानों में सोमवार-मंगलवार रात लगभग 2 बजे भीषण आग लगी। आग बुझाते वक्त एक युवक भागीरथ की करंट लगने से मौत हुई। आग पर करीब पांच घंटे में काबू पाया गया। पंधाना पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। ग्राम बबली में सोमवार को रात में ग्रामीण बारिश की कामना के लिए भजन कर रहे थे। इस बीच रात करीब दो बजे मंदिर के सामने स्थित प्रेमलाल के मकान से अचानक लपटे उठते देख हड़कंप मच गया। आग पर काबू हो पाता तब तक सात मकानों को आग ने चपेट में ले लिया। प्रेमलाल के घर के पीछे रहने वाले पड़ोसी 30 वर्षीय भागीरथ पिता कड़वा आग बुझाने में लग गया। इस दौरान करंट लगने से भगीरथ की मौके पर मौत हो गई। पंधाना थाना प्रभारी आरएस मालवीया ने बताया कि सात मकानों आग लगी थी। करीब पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया, घटना की जांच की जा रही है।

# आज देवशयनी एकादशी
# मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

**जबलपुर,यशभारत।** आज देवशयनी एकादशी है। भगवान विष्णु 15 नवंबर तक 119 दिनों के लिए शयन पर चले गए हैं।सृष्टि का संचालन देवाधिपति महादेव संभालेगें। हिंदू धर्म के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु व अन्य देवतागण कुल चार मास के लिए निद्रा मुद्रा में चले जाते हैं। यह समय चार महीने का होता है इसलिए इसे चातुर्मास भी कहते हैं। इस दौरान सभी तरह के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। इसके बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष से सभी मांगलिक कार्य शुरू होंगे, जो कि 14 नवंबर को है।



भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी के दिन सृष्टि का कार्यभार संभालते है।ज्योतिर्विदों ने बताया कि चातुर्मास ध्यान-साधना और संतों के सान्निध्य का पर्व है। चातुर्मास भगवान विष्णु का शयन काल होता है। पुराणों के अनुसार इस दौरान विवाह, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश सहित विभिन्ना मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। तपस्वी भ्रमण न करते हुए एक ही स्थान पर रहते हैं। देवशयनी एकादशी पर भगवान योगनिद्रा में जाते हैं और देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से चार्तुमास की शुरुआत हो गई। देवशयनी एकादशी के दिन विधि विधान से पूजा करके आप मनवांछित फल पा सकते हैं।

अषाढ़ की दूसरी एकादशी तिथि 19 जुलाई को रात 9 बजकर 59 मिनट से शुरू हुई और 20 जुलाई को रात 7 बजकर 17 मिनट पर समाप्त होगी। व्रत रखने वाले लोग 21 जुलाई को सुबह 05 बजकर 36 मिनट से 08 बजकर 21 मिनट के बीच व्रत का पारण कर सकते हैं।

### शुभ मुहूर्त

भगवान विष्णु की पूजा के लिए देवशयनी एकादशी पर कई शुभ मुहूर्त हैं। इस दौरान पूजा करने से विषेश लाभ मिलता है। ब्रह्म मुहूर्त- 20 जुलाई 2021, सुबह 04 बजकर 14 मिनट से सुबह 04 बजकर 55 मिनट तक था। जबकि अभिजित मुहूर्त आज दोपहर 12 बजे से 12 बजकर 55 मिनट तक था। विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 45 मिनट से शुरू होकर 03 बजकर 39 मिनट तक रहा। गोधूलि मुहूर्त आज शाम 07 बजकर 05 मिनट से 07 बजकर 29 मिनट तक का है।।

## ग्रहों के सेनापति मंगल ने आज बदली अपनी राशि

हिंदू धर्म के हिसाब से मंगलवार, 20 जुलाई का दिन काफी खास है।इस दिन देवशयनी एकादशी होने के साथ ही ग्रहों के सेनापति मंगल अपनी राशि बदल रहे हैं। मंगल ग्रह राशि परिवर्तन करके शाम 6 बजकर 19 मिनट पर सिंह राशि में गोचर करेंगे। मंगल के राशि परिवर्तन से सभी राशि के लोगों के जीवन पर कुछ न कुछ प्रभाव जरूरी पड़ेगा, लेकिन ज्योतिष गणनाओं के मुताबिक मेष, कन्या, मकर और मीन राशि ले लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को शुक्र ग्रह ने कर्क राशि से सिंह राशि में सुबह 9-25 बजे प्रवेश किया। अब मंगल ग्रह 20 जुलाई को अपनी नीच राशि कर्क से सिंह राशि में प्रवेश करेगा। जिससे सिंह राशि मे मंगल व शुक्र की युति बनेगी। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि दैत्याचार्य शुक्रदेव सौंदर्य, सांसारिक सुख, वैभव, ऐश्वर्य, भोग-विलासिता व प्रसिद्धि के ग्रह माने गए हैं। ज्योतिष शास्त्र में शुक्रदेव को जीवनसाथी, प्रेम, विवाह, विलासिता, समृद्धि, सुख, सभी वाहनों, कला, नृत्य, संगीत, अभिनय, जुनून और काम का प्रतीक माना गया है।वैदिक ज्योतिष में मंगल को अग्नि और तेज का प्रतीक माना गया है। शरीर में रक्त पर मंगल का प्रभाव होता है। वहीं शुक्र सौंदर्य, प्रेम, वासना, काम, यौन इच्छा का प्रतिनिधि ग्रह होता है। जब इन दोनों ग्रहों का मिलन होता है तो इनके गुणधर्मों के अनुसार व्यक्ति में काम वासना बलवती हो जाती है।

# ईद पर बीएसएनएल का खास तोहफा
## फ्री मिल रहा है अनलिमिटेड इंटरनेट डेटा

**जबलपुर ।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ईद के मौके पर अपने ग्राहकों के लिए एक नया ऑफर लेकर आई है। यह कंपनी 21 जुलाई रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक अपने ग्राहकों को अनलिमिटिड डेटा दे रही है। क्चस्हरु के चुनिंदा ग्राहक इस हाई-स्पीड डेटा का इस्तेमाल कर सकेंगे। बीएसएनएलने ईद-उल-जुहा को लेकर यह ऐलान किया है। इसके तहत 21 जुलाई से 599 रुपये प्लान के वर्क फ्रॉम होम प्लान को साथ एक नया ऑफर जोड़ा गया है। अब आपको 599 रुपये प्लान के साथ बीएसएनएल अनलिमिटेड फ्री नाइट डेटा भी मिलेगा।

### 599 रुपये वाले प्लान में क्या बदला

बीएसएनएल अपने 599 वाले प्लान में रोजाना 5 जीबी डेटा देता है और डेली डेटा लिमिट खत्म होने पर यूजर्स 4द्मड्ढश्चह्य के स्पीड से इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा उन्हें रोजाना 100 एसएमएस और अनलिमिटड वॉइस कॉलिंग मिलती है। इसके साथ ही क्चस्हरुट्यून्स और एक फ्री जिंग म्यूजिकल ऐप के बेनिफिट्स मिल रहे हैं। अब इसके साथ ही सभी यूजर्स को रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक फ्री अनलिमिडेट हाई स्पीड डेटा मिलेगा। सिर्फ पर्सनल यूज के लिए इस्तेमाल होगा डेटा कंनी ने स्पष्ट किया है कि इस प्लान में 21 जुलाई से आपको रात में अनिलिमिटिड डेटा मिलेगा। इस अनलिमिटिड डेटा का इस्तेमाल आप रात 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच कर सकते हैं। हालांकि सिर्फ पर्सनल यूज के लिए ही यह डेटा इस्तेमाल किया जा सकता है।

# ईद-उल-जुहा पर्व कल
## मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उत्साह, बाजार गुलजार

**जबलपुर।** ईद-उल-जुहा पर पर्व 21 जुलाई को मनाया जाएगा। प्रशासन ने इसकी व्यवस्थाएं तय कर ली है। मुस्लिम समाज में भी पर्व को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में भी पर्व विशेष के कारण भीड़ बढ़ गई है। कोरोनासंक्रमण को देखते हुए गाइडलाइन गाइड लाइन का पालन करते हुए इस बार भी ईद घरों में रहकर ही मनाई जाएगी। मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और घर में ही नमाज अता करेंगे। मस्जिदों में गाइड लाइन का पालन किया जाएगा।

### मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश की मुस्लिम समाज से अपील

मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना हजरत मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने मुस्लिम समाज के सभी नागरिकों से ईदुज्जुहा के त्यौहार को कोरोना गाइड लाइन के मुताबिक ही मनाने का अनुरोध किया है । उन्होंने जारी अपनी अपील में कहा है कि ईद-उल-जुहा पर नमाज अदा करने लोग एक जगह एकत्रित न हो यह कोरोना महामारी से खुद की और परिवार की सुरक्षा के लिये बेहद जरूरी है । मुफ्ती-ए-आजम ने अपनी अपील में नागरिकों को ईद-उल-जुहा की अग्रिम मुबारकबाद देते हुये कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा यदि त्यौहारों पर सतर्कता और सावधानियां बरतने कहा जा रहा है तो ये सभी के फायदे के लिये ही है । उन्होंने कहा कि कोरोना की रोकथाम के लिये हमने पिछले वर्ष अपने त्यौहारों को जिन पाबंदियों का पालन करते हुये मनाया है, उसी तरह इस बार भी ईद-उल-जुहा के त्यौहार को उन्ही पाबन्दियों के साथ मनाना होगा । हमारी कोशिश होनी चाहिये कि कोरोना की महामारी से हम जल्दी निजात पा सकें और भविष्य में अपने त्यौहारों को पूरी आजादी से मना सकें।



### कलेक्टर-एसपी ने की मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश से सौजन्य भेंट.

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने सोमवार की शाम मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना हजरत मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की । इस अवसर पर अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, सयुंक्त कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया, कदीर सोनी एव ताहिर खान भी मौजूद थे ।

### नगर निगम ने की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं

मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईदुज्जुहा को लेकर नगर निगम के द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पर्व के दौरान वे सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि ईदुज्जुहा पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए अधिकारियों को विशेष रुप से निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पर्व को आपसी सौहार्द्र के साथ मनाएं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने कहा है कि ईदुज्जुहा पर्व पर कहीं भी किसी भी प्रकार की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे। उन्होंने बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के दल का गठन किया है जिसके द्वारा नियमित रूप से सभी क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि जिन भी क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता कम रहेगी वहां अतिरिक्त टैंकर लगाकर पानी की आपूर्ति कराई जाएगी इस हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है।



## गुरुद्वारा ग्वारीघाट में वृक्षारोपण

**जबलपुर।** सिक्ख यूथ एसोसिएशन , जबलपुर द्वारा वृक्षारोपण की इस कड़ी में गुरुद्वारा ग्वारीघाट में गुरुद्वारा कमेटी ,के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया जिसमें जबलपुर सिक्ख संगत (रजि.) के प्रधान मनोहर सिंघ रील , गुरुद्वारा ग्वारीघाट के प्रधान गुलजीत सिंघ साहनी व गुरुद्वारा कमेटी , मंजीत सिंघ ननड़ा ,परमजीत सिंघ भंगू, अजीत सिंघ नैय्यर ,प्रदीप सिंघ, जतिंदर सिंघ ,हरजोत सिंघ, सरबजीत सिंघ रील, दलवीर सिंघ जस्सल प्रमुख रूप से शामिल हुये। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी सहयोग दिया।

### बिना फरिणाम के कैसे करें एडीपीओ के लिए आवेदन
## लॉ छात्रों का भविष्य अधर में

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से एलएलबी फाइनल के परीक्षा परिणामों को घोषित किए जाने की मांग की गई थी। ऐसोसिएशन के सदस्यों ने कहा था कि लगभग छह सालों के लंबे इंतजार के बाद मध्यप्रदेश के गृह विभाग ने अस्टिटेंट डिस्ट्रिक्ट पब्लिक प्रॉसीक्यूशन ऑफिसर (एडीपीओ) के 92 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। लेकिन रादुविवि द्वारा परीक्षा परिणामों की घोषणा न करने से विद्यार्थी एडीपीओ के रिक्त पदों के लिए आवेदन नहीं दे सकते थे। क्योंकि आवेदन की अंतिम तिथि 16 जुलाई थी। इस भर्ती प्रक्रिया में विधि विभाग से डिग्री प्राप्त अभ्यार्थी शामिल हो सकते थे। ला स्टूडेंट्स एसोसिशन के महासचिव आकाश तिवारी ने बताया कि अध्यक्ष अंकुश चौधरी व बिलाल शाह के नेतृत्व में हमने अपने ज्ञापन में एडीपीओ फॉर्म की लास्ट डेट के पहले रिजल्ट घोषित करने की मांग की थी या फिर एडीपीओ कि लास्ट डेट बढ़ाने की मांग की गई थी। जिसे कल लोक सेवा आयोग ने एडीपीओ एग्जाम की डेट एक महीने के लिए आगे बढ़ा दी गई है। जिससे अब एलएलबी फाइनल ईयर का कोई भी विद्यार्थी एडीपीओ की परीक्षा से वंचित नहीं होगा।

## गुप्त नवरात्रि पर्व पर 10 मुखी महाकाली मंदिर में सुहागल पूजन



**जबलपुर ।** श्री 10 मुखी माता महाकाली मंदिर कछियाना चौक गोल बाजार में गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिदिन देवी स्वरूपा मातृशक्ति एवं कन्याओं को मंदिर के पुजारी पंडित राजेश तिवारी द्वारा मास्क का वितरण किया जा रहा है 9 दिनों में लगभग 1000 मास्क का वितरण होगा , सोमवार को मंदिर प्रांगण में सुहागल पूजन आयोजित किया गया इस अवसर पर श्रीमती सीमा नीता निशा शिवानी स्वाति सुशीला हिमानी आदि की उपस्थिति रही द्य पंडित राजेश तिवारी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का समापन 24 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के साथ होगा द्य यहां प्रात से ही हवन पूजन महा आरती एवं भंडारा का वितरण होगा।

# कॉलेजों में दाखिला
## पंजीयन से लेकर दस्तावेज सत्यापन तक पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

**जबलपुर।** कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने इस बार विद्यार्थियों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्रवेश देने की व्यवस्था की है। प्रदेश के 1450 निजी और सरकारी कॉलेजों में सत्र 2021-22 में प्रवेश देने के लिए प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश से संबंधित गाइडलाइन जारी कर दी है। इस बार पंजीयन से लेकर और दस्तावेज सत्यापन तक किसी भी प्रक्रिया के लिए विद्यार्थियों को कॉलेज नहीं जाना पड़ेगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही होगी। इतना ही नहीं, विद्यार्थी ऑनलाइन कॉलेज चुनने के साथ ही



सत्यापन और फीस भी जमा कर पाएंगे। टीसी भी ऑनलाइन जमा कराई जाएगी। विद्यार्थियों को दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। यदि दस्तावेज में कोई कमी होगी, तब प्रोफेसर विद्यार्थियों को कॉलेज बुलाकर सत्यापन करेंगे। ऑनलाइन व्यवस्था को समझाने के लिए सोमवार को कॉलेजों के प्राचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

### ऑनलाइन देनी होगी प्रोफाइल

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में संचालित सभी 1450 कॉलेजों का ऑनलाइन सत्यापन कराने की जिम्मेदारी सभी विश्वविद्यालयों को दी है। अब विभाग आज उनकी प्रोफाइल को तैयार कराकर जमा कराएगा। इसके बाद विभाग आगामी सत्र में प्रवेश कराने की अनुमति प्रदान करेगा। उक्त कॉलेजों को अपने पोर्टल पर जोड़कर ई-प्रवेश कराया जाएगा। इसमें कालेजों की फैकल्टी, विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधा और अन्य मापदंड की जानकारी देनी होगी। कोई कमी होने पर उन्हें ई-प्रवेश में शामिल नहीं किया जाएगा। इससे वे अपने कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे पाएंगे। फाइल फोटो



### ओमती थाना में करीना के खिलाफ शिकायत
## पुस्तक में बाइबिल नाम को लेकर ईसाई समाज ने जताया विरोध

**जबलपुर, यशभारत।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की मुसीबतें बढ़ सकती हैं. दरअसल, एक ईसाई समूह ने अभिनेत्री करीना कपूर की पुस्तक के शीर्षक पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को शहर में के ओमती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। समूह ने उनपर समुदाय की भावनाओं के आहत करने का आरोप लगाया है। सर्व ईसाई सभा ने पुस्तक को लेकर ओमती थाने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें दूसरे लेखक का भी नाम है।सभा के पदाधिकारियों का कहना है कि किताब के टाइटल में बाइबल जैसे पवित्र शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। हालांकि शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। बताते चलें कि करीना ने बीती 9 जुलाई को बुक लॉन्च की है। जिसमे उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया है। सर्व ईसाई सभा के पदाधिकारियों ने पुस्तक से बाइबिल शब्द हटाने की मांग रखी है।

### राजस्व की वसूली के लिए विशेष मुहिम

**जबलपुर।** राजस्व की वसूली के लिए नगर निगम प्रशासन ने विशेष वसूली अभियान प्रारंभ किया है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देश पर मुख्यालय एवं संभाग स्तर की टीमों के द्वारा बड़े बकायादारों को बकाया करों के भुगतान के लिए निरंतर प्रेरित करते हुए कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. के निर्देश पर अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी ने राजस्व वसूली के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बड़े बकायादारों को चिन्हित कर कुर्की की कार्रवाई किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने बैठक में सभी वार्डों में अधिक से अधिक वसूली करने के साथ-साथ संपत्ति कर और सनहाल की बकाया वसूली के लिए नोटिस जारी किए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

## OFK
### मनमानी अफसरों की,खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी
## प्रबंधन के तरीकों पर लेबर यूनियन का विरोध

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में कतिपय अधिकारियों के प्रबंधन की इतनी मनमानी इतनी चल रही है कि उनके अहं के चलते निकट भविष्य में कर्मचारियों को खामियाजा उठाना पड़ सकता है ।उक्त आरोप खमरिया फैक्ट्री लेबर यूनियन ने लगाया है।

यूनियन के महामंत्री अर्नव दासगुप्ता का कहना है कि दरअसल बात यह है कि ए-2 अनुभाग जहां पर मशीनों में कार्य किया जाता है वहां कार्य की अधिकता है। लेकिन अन्य कई अनुभाग ऐसे है जहा काम की कमी है। ऐसे में उन अनुभागो से मशीन चलाने वाले मशीनिस्ट ट्रेड के कर्मचारी बुलाने की अपेक्षा ए-7 अनुभाग जहां पर




कारपेंटरों द्वारा पैकिंग के लिए बॉक्स बनाया जाता है । वहां से कारपेंटर ट्रेड के कर्मचारियों को अधिकारियों के जिद के चलते ए- 2 अनुभाग में पदस्थ कर काम कराया गया।स्वाभाविक है कि जिनका काम (कारपेंटर) बॉक्स बनाने का है वो मशीनों में कैसे काम कर सकते है।अतः निश्चित है कि मशीन चलाने का अनुभव न होने से माल खराब होगा। जिससे अधिकारियों को तो कोई नुक्सान नहीं होगा परंतु काम की गुणवत्ता और उत्पादन कम होने से कर्मचारियों का पीस वर्क जरूर काट लिया जायेगा।इस विषय पर लेबर यूनियन ने पूरे मामले की जानकारी महाप्रबंधक को दी है।यूनियन के रामप्रवेश पुष्पेंद्र सिंह शरद अलवाल आदि ने महाप्रबंधक से कहा है कि अतिशीघ्र वे इस मामले में संज्ञान ले एवं मातहत अधिकारियों को उचित निर्देश जारी कर उत्पादन को सुचारू रूप से करायें।

### पोर्टल से गायब हैं शिक्षकों के रिक्त पद
## जब रिक्त पद ही प्रदर्शित नहीं तो स्थानांतरण आवेदन कैसे संभव ?

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा बताया कि मध्यप्रदेश, शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 12 जून 2021 को राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारिया/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति जारी की गई ह । जिसमें ऑफलाईन आवेदन लेकर ऑनलाईन आदेश जारी किये जायेंगे । स्थानांतरण नीति अनुसार 03 दिन में एज्यूकेशन पोर्टल को अपडेट कर रिक्त पद दिनांक 15.07.21 तक प्रदर्शित किये जाने के सख्त आदेश थे और संबंधित आवेदक को अपना स्थानांतरण आवेदन कार्यालय प्रमुख से सत्यापित कराकर दिनांक 18.07.21 तक जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत किये जाने का समय दिया गया है एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला स्तर के प्रकरणों को छोड़कर राज्य स्तर से निराकृत होने वाले प्रकरणों को दिनांक 19.07.21 तक आयुक्त, लोक शिक्षण को प्रस्तुत किया जाना हैं । उक्त प्रक्रिया में आज दिनांक तक पोर्टल में रिक्त पद की स्थिति प्रदर्शित न होने के कारण शिक्षक संवर्ग के लोक सेवक अपना स्थानांतरण आवदन ही प्रस्तत नहीं कर पाये हैं । तीन दिन की समय सीमा में उक्त जटिल प्रक्रिया में आवेदन प्रस्तुत कर पाना एक चिनौती साबित हो रहा है । आवेदक पोर्टल पर रिक्त पद की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण अपने मन से ही रिक्त स्थान डालकर समय सीमा में आवेदन करने पर मजबूर है और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं परन्तु उन्हें रिक्त पद की जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है । जब स्थानांतरण नीति की प्रथम शर्त रिक्त पद समय सीमा में पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हुए हैं तो कैसे स्थानांतरण संभव हो पायेगा । रिक्त पद प्रदर्शित न होने के कारण आवेदकों के आवेदनों का निराकरण संभव नहीं हो पायेगा और वर्षों से अपने परिवार से दूर स्थानांतरण की राह देख रहे लोक सेवक को उसका कोई लाभ नहीं मिल पायेगा । जिसके फलस्वरूप शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों में भारी निराशा के साथ ही जारी की गई स्थानांतरण नीति के प्रति आक्रोश है । शिक्षक संवर्ग पूर्व वर्षों की भांति ही ऑनलाईन स्थानांतरण प्रकिया का चालू करने की मांग कर रहा है जिससे सभी को लाभ मिल सके । ऑफलाईन आवेदन लकर ऑनलाईन आदेश जारी करना समझ से परे है भोपाल में बैठे अधिकारियों द्वारा किसी भी जिलों के पोर्टल अपडेट नहीं होने से रिक्त पदों की सही जानकारी प्रदर्शित नहीं हो सकेगी जिससे स्थानांतरण उद्योग बेरोक टोक चल सकेगा । यदि पूर्व वर्षों की भांति ही पूरी स्थानांतरण प्रक्रिया ऑनलाईन होती तो पारदर्शिता बनी रहती और शिक्षकों को उसका लाभ भी मिल पाता ।




संघ के योगेन्द्र दुबे, मुकेश सिंह, सुनील राय, अजय सिंह ठाकुर, चन्द्रप्रकाश उसरेठे, तरूण पांचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, नितिन शर्मा, मनोज सेन, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, किशोर दुबे, अशीष शुक्ला, धोरेन्द्र सोनी, मो. तारिक, प्रियांशु शुक्ला, संतोष तिवारी, देवदत्त शुक्ला, महेश कोरी, सोनल दुबे, अभिषेक मिश्रा, राकेश उपाध्याय, विनय नामदेव, विष्णु पाण्डेय, सुदेश पाण्डेय, मनीष शुक्ला, मनीष लोहिया, पवन ताम्रकार आदि ने माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री जी एवं आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. भोपाल को ई-मेल भेजकर कर मॉग की है कि विभाग द्वारा जारी फर्जी स्थानांतरण नीति को निरस्त कर नई समय सारणी के साथ ऑनलाईन स्थानांतरण प्रक्रिया चालू की जाये ।

### महंगाई भत्ता, वेतन वृद्धि को लेकर कर्मचारी 20 से करेंगे आंदोलन

महंगाई भत्ता, वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने जारी बयान में बताया कि लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का आगाज 20 जुलाई से किया जा रहा है। इसके पहले चरण में सभी कर्मचारी काली पट्टी धारण कर मांगों को लेकर करेंगे। मोर्चा के यू एस करोसिया, महेंद्र जाटव, प्रवीण सोनी, पी.के राय, संतोष मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, लिपिक वर्ग के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी , अजाक्स के योगेश चौधरी , साइंस कॉलेज ,राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेश शुक्ला के अलावा प्रशांत सोंधिया, संजय गुजराल सहित अन्य विभागों के कर्मचारी अपने साथियों के साथ आंदोलन की जानकारी देंगे ये बताया जाएगा कि महंगाई भत्ता, वेतन वृद्धि नही दी जा रही है। कर्मचारी निजी अस्पतालों में सरकारी खर्चे पर इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। आवास भत्ता पांचवे वेतनमान के समय का दिया जा रहा है।

### पेंशनरों ने की महंगाई राहत देने की मांग

महंगाई राहत न दिए जाने से जिले के पेंशनर भी नाराज है। मध्यप्रदेश पेंशन एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री एचपी उरमलिया ने जारी बयान में बताया कि एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी के आव्हान पर 20 जुलाई को प्रदेश के कर्मचारियों के द्वारा अपनी लंबित मांगों के लिए प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में पेंशनर्स एसोसिएशन का भी पूरा समर्थन रहेगा। सरकार से महंगाई राहत दिए जाने की मांग की जाएगी। इसके पूर्व भी जबलपुर सहित प्रदेश भर में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्?न मांगों को लेकर आंदोलन किए हैं।




## कलेक्टर परिसर में वृक्षारोपण

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गार्डन में नीम का पौधा लगाया। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम वृक्ष हमारे परिजन है के थीम पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश बाथम ने भी आंवला का पौधा लगाया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आयोजित इस अभिनव पहल के दौरान अन्य अधिकारीभी उपस्थित थे।

## गुरु द्वारा दिया उपदेश ही मंत्र है :पूज्य डॉ इन्दुभवानन्द

जबलपुर। साधना का फल ही ईश्वर प्राप्ति है।श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस में बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर में गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूज्य डॉ इन्दुभवानन्द जी महाराज ने महाराज परीक्षित की निष्काम भक्ति को तथा श्रीमद्भागवत कथा श्रवण की ब्राह्मी भक्ति की आस्था को प्रकाशित करते हुए बताया कि महाराज परीक्षित ने भगवान् का दर्शन माता के गर्भ में ही कर लिया था तबसे उनके मन में भगवत् भक्ति के संस्कार प्रस्फुटित हो चुके थे और इस की परिपुष्टता के लिए स्वयं भगवान् श्री शुकदेव के रूप अवतरित होकर परीक्षित के माध्यम से विश्व का कल्याण किया ।ज्संस्कार ही भगवान् से साक्षात्कार करा सकते हैं च्ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंदजी ने ध्रुव चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा यदि व्यक्ति के जीवन में संस्कार जागृत हो जाएँ और सच्चे सद्गुरु की प्राप्ति हो जाए तो परमात्मा की प्राप्ति निश्चित है,ऐसे व्यक्ति का अपमान समाज तो कर सकता है परन्तु परमात्मा उसका सम्मान कर अखंड पद प्रदान करता है,यह केवल गुरुकृपा से ही संभव है,गुरु द्वारा दिया उपदेश ही मंत्र है यह मन्त्र ही जीवन का सार है ।

# भारी बारिश के लिए तरस रहा शहर

**जबलपुर,यशभारत।** शहर अभी भले ही भारी बारिश के लिए तरस रहा हो, लेकिन 25 जुलाई से शुरू हो रहे सावन के शुरुआती दिनों में तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 23 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसके 4-5 दिन बाद ऐसा ही एक सिस्टम और बन सकता है, जिससे बारिश होगी। सोमवार को शहर में नहीं, बल्कि कुछ हिस्सों में ही बारिश हुई। आसमान पर बादल तो आ रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग ने जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों कम दबाव के क्षेत्र बनने से संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। बारिश न होने से अधिकतम तापमान 33 से 36 के बीच में स्थिर हो गया है जबकि न्यूनतम तापमान से 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। समय से पहले धमाकेदार दस्तक देना वाला मानसून रूठ सा गया है। हालात यह हैं कि कई जगह सूखे के हालात बनने लगे हैं। प्रदेश में 19 जुलाई तक



करीब 300 मिमी बारिश होना चाहिए थी, लेकिन 230 मिमी ही हुई है। यह सामान्य कोटे से करीब 24प्रश कम है। यहां अभी भी कोटे से 70प्रतिशत तक कम पानी गिरा है। जबलपुर की स्थिति भी अच्छी नहीं है। अब तक स्थिति में बारिश में काफी कमी आई है। यह स्थिति पिछले साल जैसी बन गई है। यहां एक जून से आज समाचार लिखे जाने तक 211.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिसे बढ़कर 33.7 रहा। जबकि आज का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिसे अधिक 25.2 रहा। आद्रता सुबह की 84 प्रतिशत रही। हालांकि अब जुलाई के अंतिम सप्ताह में मानसून के सक्रिय होने की उम्मीद बढ़ गई है। अभी कई सिस्टम बन रहे हैं। ऐसे में तीन-चार दिन बाद अच्छी बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। साउथ वेस्ट यूपी के पास सिस्टम बन रहा है। ट्रफ लाइन भी ग्वालियर होते हुए जा रही है। इसके कारण इन इलाकों में बारिश होने लगी है। बंगाल में 23 जुलाई को सिस्टम बनने वाला है। यहां लो प्रेशर एरिया बन रहा है। एक साउथ गुजरात के पास ऊपरी हवा का चक्रवात है। अरेबियन सी में भी एक सिस्टम है। सभी सिस्टम के एक साथ मिलने पर अच्छी बारिश होने लगेगी। दो से चार दिन में झमाझम की उम्मीद बन गई है। अगले एक सप्ताह तक अच्छा पानी गिरने की उम्मीद है।



## रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर ने सौंपी 2 बायपेप मशीन और ऑक्सीजन कॉन्सेन्टर

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर के अध्यक्ष श्री वरुण तंखा,अमरेंद्र पांडेय,समर्थ अवस्थी,सार्थक सेठी,सरबवीर ओबेरॉय,आबू फौजदार, राहुल गुप्ता एवं अन्य रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा डॉ खान ENT हॉस्पिटल में 2 बाईपेप मशीन और ऑक्सिजन कंसन्ट्रेटर सौपा गया। श्री ब्रायन डिसिल्वा वरिष्ठ अधिवक्ता ने श्र्जेम्स डिसूजा इंटरनेशनल डेवलपमेंट एंड रिलीफ फाउंडेशन के द्वारा रोटरी क्लब को यह कंसन्ट्रेटर उपलब्ध कराया गया। अध्यक्ष वरुण तंखा ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए जबलपुर शहर के अस्पतालों की व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए इसकी जिम्मेदारी रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर पूरी जिम्मेदारी से निभाएगा। यह क्लब न सिर्फ मेडिकल फील्ड में बल्कि शिक्षा,पर्यावरण,कानूनी मदद एवं समाज कल्याण में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# त्रिमूर्ति नगर में लाखों की चोरी

### एलआईसी एजेंट के सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत त्रिमूर्ति नगर निवासी एक परिवार को सूना घर छोड़कर बाहर जाना महंगा पड़ गया। खाली घर का फायदा उठाकर चोर अंदर घुसे और अलमारी में रखे लाखों रुपए और लाखों के जेवर चुरा ले गए। वापस आने पर परिजनों ने जब अपने घर की हालत देखी तो उन्हें जोर का झटका लगा और तत्काल थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। त्रिमूर्ति नगर बाजपेयी बिल्डिंग के सामने रहने वाले पेशे से एलआईसी एजेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि15 जुलाई को वे अपने पूरे परिवार के साथ किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बिरसिंहपुर पाली गए थे। रविवार को जब गेट खोलकर वे अंदर घुसे तो उन्होंने देखा कि खिड़की का फ्रेम टूटा है। पंकज और परिजनों को चोरी का शक हुआ और उन्होंने तत्काल अंदर घुसकर जैसे ही घर देखा तो अलमारी भी खुली पड़ी थी। पंकज ने जब लॉकर देखा तो उसमें रखे करीब 7 से 8 लाख रुपए गायब थे। साथ ही वहीं रखा एक बैग जिसमें 15 तोला सोना, दो किलो चांदी और कीमती कपड़े थे, वो भी गायब था।

### कैमरे में कैद हुई वारदात

पंकज ने बताया कि उनके घर में सीसीटीवी कैमरे हैं, जिसमें चोरी की वारदात कैद हो गई है लेकिन फुटेज में चोरों के चेहरे क्लीयर नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आसपास के घरों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। संभवतं उन फुटेज में चोरों का चेहरा क्लीयर दिख जाए और और उन्हें दबोचा जा सके। पड़ोसियों को भी नहीं हुआ शक चोरों ने



## भाजपा नेत्रियां आन्ध्रा के दौरे पर

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की उपाध्यक्ष सुमित्रा बाल्मीकि दौरे पर आज आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हुई जिसमें वे जबलपुर से नागपुर और नागपुर से आंध्र प्रदेश के लिए रवाना होंगी वहां पहुंचकर तिरुपति बालाजी के दर्शन करेंगी और मध्य प्रदेश की सुख समृद्धि और शांति एवं स्वस्थ मध्य प्रदेश की बालाजी से प्रार्थना करेंगे उनके साथ में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की लाडली लक्ष्मी की जिला संयोजिका अर्चना अग्रवाल और उनकी टीम माया बहुरिया किरण राजपूत मीना बर्मन पुष्पा रजक नीलू रजक नीता पटेल काजल राजपूत भी गई हैं।

## एसबीआई ने ग्राहकों को दी चेतावनी

**30 सितंबर तक पैन-आधार कार्ड को लिंक कराएं**

**जबलपुर।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए नोटिस जारी किया है. बैंक ने अपने अकाउंट होल्डर्स को 30 सितंबर के पहले पैन-आधार कार्ड को लिंक करने की सूचना दी है. बैंक ने कहा है कि अगर ग्राहक ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें बैंकिंग सेवा का आनंद लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा. स्ब्क्ष्ठ ने इसके लिए ट्वीट किया है.।

# प्रज्ञा पीठाधीश्वर डॉ. साध्वी विभानंद गिरी ने किया नर्मदा पूजन

## प्रज्ञाधाम के गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगी


**जबलपुर ।नई दिल्ली साकेत स्थित प्रज्ञानंद आश्रम से सोमवार की सुबह प्रज्ञा पीठाधीश्वर डॉ. साध्वी विभानंद गिरी का नगर आगमन हुआ । उन्होंने नर्मदा तट ग्वारीघाट पहुंचकर माँ नर्मदा पूजन अभिषेक किया। मां नर्मदा मंदिर की नाव द्वारा 9 परिक्रमा की ।**



इस अवसर पर स्वामी चक्र आनंद, पंडित ओंकार दुबे आदि शामिल थे ज्ञातव्य है की प्रज्ञाधाम कटंगी में प्रज्ञा साईं लोक कल्याण न्यास के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, श्रीमद्भागवत की मीमांसा वृंदावन के स्वामी लोकेशनंद कर रहे हैं ।समापन दिवस 24 जुलाई को ब्रह्म लीन जगतगुरु डॉ. स्वामी प्रज्ञानंद महाराज की समाधि का पूजन पादुका पूजन भंडारा होगा, स्वामी भास्करानंद स्वामी चरणानंद गिरी ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरु जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करने भक्तों से निवेदन किया ह।

# रोटरी साउथ का 30 वां इंस्टॉलेशन स्मारिका विमोचन के साथ आयोजित

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ का 30वां इंस्टॉलेशन गरिमा पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र जामदार ने स्वागत उदबोधन में क्लब की 30 वर्षों की यात्रा को बताते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि वरिष्ठ सदस्य इंजीनियर एसके गुप्ता ने नवागत टीम को पीड़ित मानवता की सेवा हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि आरपी अग्रवाल ने कोविड काल में रोटेरियंस द्वारा किए गए योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए सतत जारी रखने का आग्रह किया। पूर्व प्रांतपाल राकेश दवे दवे ने नए सदस्यों को रोटरी पिन पहनाकर शपथ दिलाई। पूर्व प्रांतपाल डॉ निखिलेश त्रिवेदी ने ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से नए सेवा प्रकल्प के लिए प्रेरित




किया। निवर्तमान अध्यक्ष सारंग भिड़े द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष अनुराग जैन गढ़ेवाल को प्रेसिडेंट कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। अनुराग गढ़ेवाल द्वारा क्लब के माध्यम से स्वयं से परे सेवा का संकल्प लेकर सभी सदस्यों को स्थाई सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने आग्रह किया। सहायक प्रांतपाल निशित जैन ने बेहतर करने की दौड़ मैं रहने की अपेक्षा किसी के लिए बेहतर करने का विचार रखा। निवर्तमान सचिव रवि वैश्य द्वारा सत्र के किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रशासन अधिकारी पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल एवं आलोक जैन द्वारा सत्र की स्मारिका का विमोचन अतिथियों द्वारा कराया गया। सचिव मुकेश सोनी द्वारा आगामी सभा की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर संजीव चौधरी एवं आभार कोषाध्यक्ष मकरंद कुलकर्णी द्वारा व्यक्त किया गया। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष दिनेश कालवे, राघवेंद्र सिंह चौहान, इंजीनियर राजेश साहू, अजय घोष, हरीश रिझवानी, एमएन सिंह, अमरेंद्र नारायण, प्रमोद वैश्य, राजेंद्र नेमा, एच एन एस राजपूत, डॉ शिल्पी अग्रवाल, श्रीमती वर्षा चौहान आदि सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी की बैठक संगठन को मजबूत करने पर जोर

जबलपुर। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी की बैठक जबलपुर में आयोजित की गई जिसका आयोजन संभागीय एवं जिला अध्यक्ष सीमांत सिंह सोलंकी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद एवं मध्यप्रदेश प्रभारी मधुकर कुकडे जी ,संदीप तिवारी ,राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के मध्य प्रदेश अध्यक्ष नीलेश शर्मा , प्रदेश महासचिव श्रीमती जानकी पांडेय ,प्रदेश संगठन मंत्री चंद्रहास सिंह तोमर सभी उपस्थित थे।जिनके द्वारा डी के मिश्रा संभागीय व जिला संगठन मंत्री,शिखा पांडेय संभागीय संगठन मंत्री व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अभिषेक यादव जिला उपाध्यक्ष, आदित्य शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक खम्परिया जिला महामंत्री, मंजू अरुण पाल वार्ड अध्यक्ष जबलपुर संभाग एवं जिले के कार्यकर्ताओं को पदभार सौंपा गया एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया एवं पार्टी कार्यकर्ता पुष्पराज सिंह चौहान ,दीपक भोजक,संगीता पांडे ,जीतू यादव,सिद्धार्थ रैकवार,सौरभ रैकवार,हिमांशु केवट,रोहित प्रधान,राज तिवारी,अनुराग पाठक,को सम्मानित किया गया और पार्टी एवं संगठन को और भी मजबूत बनाने हेतु नव नियुक्त पदाधिकारियों से बैठक में चर्चा की गई।



## स्मार्ट रोड फेस 1 के लिए शहर के नागरिकों का मिला सहयोग

**भवन स्वामियों ने आपसी सहमति से हटाई सड़क चौड़ीकरण में बाधक बाउंड्रीवाल**

जबलपुर। स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार राईट टाउन के क्षेत्रों में स्मार्ट रोड फेस 1 का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में बाधक एवं अवरोधों को आपसी सहमती और शहर विकास के उद्देश्य से हटाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गौमाता चौक के पास सगेरिया , श्री चौहान , और अशोका होटल की बाउन्ड्री आपसी सहमती से हटाने के साथ-साथ ब्लूम चौक, होमसांइस रोड स्थित पालनाघर की बाउन्ड्रीवाल भी हटाई गयी। इस कार्यवाही के संबंध में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव एवं सहायक यंत्री बाहुवली जैन ने बताया कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड जबलपुर द्वारा शहर में अनेकों विकास के कार्य कराये जा रहे हैं जिससे आने वाले दिनों में शहर के नागरिकों को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज स्मार्ट सिटी के स्मार्ट रोड फेस 1 के निर्माण के लिए जो अवरोध थे उसे हटाने की कार्यवाही की गयी है। कार्यवाही के दौरान स्मार्ट सिटी के अन्य तकनीकी अधिकारियों के साथ अतिक्रमण विभाग के सहायक आयुक्त श्री वेदप्रकाश, अतिक्रमण अधिकारी श्री सागर बोरकर के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि विगत दिवस निगमायुक्त संदीप जी.आर. के द्वारा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो की समीक्षा की गई थी। समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें संज्ञान में लाया गया था कि स्मार्ट रोड़ फेस 1 के निर्माण में कुछ अवरोध हैं, उन अवरोधों को हटाया जाना आवश्यक है। इसके उपरांत उन्होनें अपने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि आपसी समन्वय एवं सहमति बनाकर सभी अवरोधों को दूर कर शहरहित में सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

## राबर्ट जबलपुर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष



**जबलपुर।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उदित भदौरिया ने मोर्चे के संयोजक प्रमोद तिवारी की सहमति से जबलपुर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का अध्यक्ष राबर्ट मार्टिन को बनाया है। मीनू कांत शर्मा ,शहीर मुमताज ,जियाउर रहीम प्रांतीय दिनेश गौड़ प्रांतीय सचिव मनोनीत किए गए ।

### महंगाई के रांझी में आज विरोध प्रदर्शनें

**जबलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया द्वारा महंगाई के विरोध प्रदर्शन में आज सायं 5 बजे दर्शन सिंह तिराहे रांझी में पं श्री आलोक मिश्रा के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

## कर्मचारियों के भत्तों में होगी कटौती!

# ऊंची सैलरी वालों पर पड़ेगी ज्यादा टैक्स की मार?

**जबलपुर।** नए वेज कोड को लेकर सरकार एक बार फिर हरकत में आ रही है. सरकार प्रस्तावित नियमों को एक बार फिर से देख रही है. इसमें इंडस्ट्रीज की ओर से कुछ चिंताएं जताई गई हैं. नए श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने नियमों की समीक्षा शुरू कर दी है, कि क्या इसमें किसी बदलाव की जरूरत है। इस साल 1 अप्रैल से New Wage Code लागू करने की तैयारी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया. कुछ राज्य इसे लागू करने को लेकर अभी तैयार नहीं हैं. लेकिन अब इसे अक्टूबर में लागू किया जा सकता है. जब नया Wage Code लागू होगा तो कर्मचारियों के सैलरी स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. लेकिन ये बदलाव हर कर्मचारी के लिए अलग अलग होगा। वेज कोड 2019 के मुताबिक कर्मचारी की बेसिक सैलरी टोटल सैलरी या कॉस्ट टू कंपनी (CTC) का 50 परसेंट होनी चाहिए, इससे कम नहीं हो सकती है. अभी ज्यादातर कंपनियां कर्मचारियों की बेसिक सैलरी कम रखती हैं और भत्तों की संख्या ज्यादा रहती है. लेकिन जैसे ही नया वेज कोड लागू होगा मौजूदा सिस्टम बिल्कुल बदल जाएगा. कंपनियों को कर्मचारियों की बेसिक सैलरी ष्टञ्जष्ट का 50 परसेंट या इससे ज्यादा रखनी होगी. ऐसी स्थिति में दूसरे कंपोनेंट जैसे प्रॉविडेंट फंड और ग्रेच्युटी के योगदान पर भी असर पड़ेगा. बेसिक सैलरी का परसेंट ज्यादा होने पर क्क्न का योगदान भी बढ़ेगा और ग्रेच्युटी की रकम भी ज्यादा कटेगी. क्योंकि ये दोनों ही कंपोनेंट बेसिक सैलरी पर ही कैलकुलेट होते हैं.

### टेक होम सैलरी घट जाएगी!

जब क्क्न और ग्रेच्युटी का योगदान बढ़ जाएगा, तो इसका सीधा असर 'टेक होम सैलरी' पर पड़ेगा. कर्मचारियों के हाथ में हर महीने कम सैलरी आएगी, लेकिन दूसरी तरफ उनका रिटायरमेंट बेहतर होगा. क्योंकि क्क्न और ग्रेच्युटी की रकम ज्यादा मिलेगी. यानी जब कर्मचारी जॉब से रिटायर होगा तो उसके पास बुढ़ापा गुजारने के लिए ज्यादा पैसा होगा।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए घर-घर दस्तक

# 18 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान

**जबलपुर ।** बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उनमें होने वाली बीमारियों की पहचान के लिए जिले में आज सोमवार से दस्तक अभियान की शुरूआत हो गई। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर संजय मिश्रा ने सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय के एनआरसी सेंटर में 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवाई पिलाकर और ओण्आरण्एसण् का घोल बनवा कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर सीवी अरोरा एजिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी ज मोहंती, आरएमओ पंकज ग्रोवर, डॉक्टर के के वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस एस दाहिया, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, डीपीएम सुभाष शुक्ला, दस्तक अभियान के संभागीय नोडल अधिकारी योगेश शर्माए एपीएम संदीप नामदेव, प्रमोद चौकसे, राम गोपाल मेहरा रविशंकर कोस्टा की उपस्थिति में किया गया । क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर संजय




मिश्रा ने बताया कि महीने भर तक चलने वाले इस अभियान में विकास खंड एवं शहरी क्षेत्रों का कोई बच्चा छूटने ना पाएए इसके लिए हर घर पर दस्तक दी जाएगी। किसी भी बच्चे में किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण हैं तो उनके समुचित इलाज का प्रबंधन होएघर वालों की बीमारी से संबंधित उचित परामर्श दिया जाए ।दस्तक अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसके माध्यम से बच्चों में होने वाली बीमारियों को समय पर पहचान कर बच्चों की मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं। साथ ही विटामिन ए व आयरन सिरप के माध्यम से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संभावित खतरों से बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग का कार्य भी किया जाएगा इस अभियान में बच्चों में पाई जाने वाली प्रमुख बीमारियां जैसे निमोनियाए कुपोषणए दस्तए एनीमिया व जन्मजात विकृति के बच्चों की सक्रिय स्क्रीनिंग की जायेगी। समस्त 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक एएनएमण् या आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता द्वारा दवा पिलाई जाएगी। साथ ही कुपोषित बच्चों की माँ को उचित खान.पान की सलाह देकर डिस्चार्ज बच्चों का फॉलोअप किया जायेगा। साथ ही टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण अभियान से जोड़ा जाएगा ।



## खटीक समाज में पगड़ी बंधन समारोह

# परंपरागत रूप से चौधरी और मुखिया को बांधी पगड़ी

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस खटीक सोनकर समाज का परंपरागत पगड़ी बंधन समारोह शिवपार्वती मंदिर भरतीपुर में संपन्न हुआ।जिसमें सर्वसम्मति से राजू खटीक को चौधरी और नरेश सोनकर को मुखिया पद पर सुशोभित किया।इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अंचल सोनकर एवं सोनकर समाज के अध्यक्ष चमन लाल सोनकर ने सामाजिक रीति रिवाज से पगड़ी बंधन कर अभिनंदन किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक रमेश चौधरी शेखर चौधरी मधु चौधरी बाबू शंकर सोनकर रत्नेश सोनकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगरनिगम राजेश सोनकर पूर्व पार्षद वीरेंद्र सोनकर कैलाश चौधरी राम अवतार डा.अमीर चंद सोनकर पूर्व मंडी अध्यक्ष राजाबाबू सोनकर सुदर्शन और डा.देव कुमार चौधरी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला- नरसिंहपुर

कार्यालय कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन कक्ष क्रं.77 फोन 07792-230512 ई-मेल wcdnar@nic.in


क्रमांक/2335/मबावि/2020-21 नरसिंहपुर दिनांक 16/07/2021

### प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय जिला कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर के अधीनस्थ बाल विकास परियोजना चावरपाठा एवं जिला बाल संरक्षण कार्यालय नरसिंहपुर के शासकीय कार्यो के निष्पादन हेतु परिवहनयान (टैक्सी) में पंजीकृत बोलेरो वाहन जिसका निर्माण वर्ष 2018 या इसके उपरांत हो मासिक किराये पर चाहिए है। इच्छुक निविदादाता वाहन के सभी दस्तावेज सहित अपनी निविदा दिनांक 20/07/2021 तक बंद लिफाफे में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास नरसिंहपुर में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। निविदायें दिनांक 02/08/2021 को निविदाकारों के समक्ष 2.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म कार्यालयीन समय में देखी व 150/- रुपये नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास, जिला नरसिंहपुर

जी-14756/21



## संपादकीय

# गुल खिला सकती है कैप्टन की गुगली

क्रिकेटर से राजनेता बने नवजोत सिद्धू और पंजाब के मुख्यमंत्री अमरेंद्र सिंह के बीच कई महीनों की कड़वाहट और गुटबाजी के दौर के बाद सिद्धू को कांग्रेस की पंजाब इकाई की कमान सौंपी गयी है। सिद्धू ने ट्वीट किया, आज से हम सभी को एक ही सपने के लिए आगे बढ़कर काम करना और पंजाब में कांग्रेस के अजेय किले को मजबूत करना है। मैं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का विशेष रूप से आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। उधर पंजाब कांग्रेस में लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व युद्ध के निष्कर्ष में भले ही कहा जा रहा हो कि कैप्टन अमरिंदर से लड़ाई में नवजोत सिंह सिद्धू असरदार साबित हुए और बाजी मार ली, लेकिन यह निष्कर्ष इस टकराव की सरल व्याख्या होगी। अब चाहे टकराव को टालने के लिये सिद्धू की पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी गई हो, लेकिन वे इस पिच पर आसानी से चौके-छक्के लगा पायेंगे, कहना कठिन है। हालांकि, जातिगत, क्षेत्रगत व अन्य समीकरणों को साधने के लिये चार कार्यकारी अध्यक्ष बना दिये गये हैं, लेकिन दशकों से पंजाब की राजनीति की नब्ज पर हाथ रखने वाले राजनीति के पुराने खिलाड़ी कैप्टन को यूं ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सिद्धू ने भले ही लंबे अरसे क्रिकेट खेला है, लेकिन कैप्टन ने लंबी पारी राजनीति ही खेली है। कहा जा रहा है कि इस प्रकरण में कांग्रेस आलाकमान ने परिपक्व रणनीति नहीं दिखायी। वह भी ऐसे वक्त में जब पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही माह बाकी हैं। दोनों दिग्गजों में वार-तकरार का कोई अच्छा संदेश कम से कम जनता में तो नहीं ही गया है। वह तो कांग्रेस की किस्मत अच्छी है कि तीन कृषि सुधार कानूनों के चलते भाजपा पंजाब में हाशिये पर है और अकाली दल पूरी तरह चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी भी पंजाब में वह जमीन तैयार नहीं कर पायी है जो कांग्रेस के मुकाबले के लिये सामने खड़ी हो सके। बहरहाल, यह कहना जल्दीबाजी होगी कि कांग्रेस आलाकमान के मौजूदा फार्मूले से पार्टी में पैदा वर्चस्व का संकट खत्म हो जायेगा। पंजाब की राजनीति के पुराने अनुभवी खिलाड़ी कैप्टन अमरिंदर इस बदलाव को सहजता से स्वीकार कर लेंगे, यह समस्या के समाधान की सतही व्याख्या होगी। कयास लगाये जा रहे हैं कि कैप्टन की तरफ से भी कोई चौंकाने वाली पहल हो सकती है। पंजाब के सांसदों की पिछले दिनों जारी सक्रियता भी कोई गुल खिला सकती है। अब चाहे लच्छेदार भाषा बोलने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने फिलहाल पंजाब की राजनीति में बढ़त ले ली हो, लेकिन हकीकत यह है कि क्रिकेटर से राजनेता बने सिद्धू राजनीति की चौसर पर कैप्टन अमरिंदर के मुकाबले उन्नीस ही साबित होंगे।इसमें दो राय नहीं कि कैप्टन भले ही कांग्रेस आलाकमान के फैसले से सतही तौर पर सहमति जता रहे हों, लेकिन उनकी अनदेखी करते हुए जो कुछ हुआ जाहिरा तौर पर उन्हें नागवार गुजरा होगा। पहले भी कैप्टन ने नवजोत सिंह सिद्धू को पार्टी का अध्यक्ष बनाने पर सहमति तो जतायी थी लेकिन शर्त रखी थी कि पिछले कुछ समय में सिद्धू द्वारा उनके खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणियों पर वे सार्वजनिक माफी मांगे। लेकिन वास्तव में उनकी शर्त पर पार्टी आलाकमान ने कान नहीं धरा। कांग्रेस पार्टी को नहीं भूलना चाहिए कि देश में जब-जब कांग्रेस विरोधी लहर रही, कैप्टन पार्टी को बचाने के लिये चट्टान की तरह खड़े रहे हैं। यहां तक की देशव्यापी मोदी लहर में भी वे पार्टी की नैया पार लगाने में कामयाब रहे हैं। वर्ष 2017 में भी अपने बूते उन्होंने पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने में निर्णायक भूमिका निभायी थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि हालिया घटनाक्रम से वे आहत हैं और कयास लगाये जा रहे हैं कि वे कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

# नयी तकनीकों के सृजन में देश का भविष्य

तकनीकों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हम पिछड़ते जा रहे हैं। चीन ने सफलतापूर्वक मंगल ग्रह पर अपना यान उतारा है, सूर्य के ताप के बराबर का ताप अपनी प्रयोगशाला में बना लिया है और लड़ाकू विमानों को राफेल या दूसरी कंपनियों से खरीदने के स्थान पर स्वयं बनाने में सफलता हासिल की है। यदि हमें तकनीकों के क्षेत्र में अपनी पैठ बनानी है तो नयी तकनीकों के सृजन में भारी निवेश करना जरूरी होगा। लेकिन कोविड के इस काल में वर्तमान चालू खर्चों को सरकार पोषित नहीं कर पा रही है। यद्यपि वर्तमान वर्ष 2021-2022 के बजट में केंद्र सरकार ने पूंजी खर्चों में लगभग 35 फीसदी की वृद्धि की है और वर्तमान वर्ष में 5.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी खर्च करने का प्रस्ताव है परंतु यह फलीभूत होगा कि नहीं, यह निश्चित नहीं है। इस निवेश में नयी तकनीकों का क्या हिस्सा है, यह भी स्पष्ट नहीं है। सच यह है कि आने वाले समय में तकनीकों का ही बोलबाला होगा। जिस देश के पास आधुनिकतम तकनीकें होंगी वही विजयी होगा। हम देख चुके हैं कि किस प्रकार अमेरिका की आधुनिक पैट्रियट मिसाइलों ने सद्दाम हुसैन के इराक की सेना को चंद दिनों में ही ध्वस्त कर दिया था। इसलिए हमें तकनीकों में भारी निवेश करना होगा। प्रश्न है कि इसके लिए रकम कहां से आए?

सरकारी इकाइयां तीन प्रकार की हैं। पहली इकाइयां सार्वजनिक सुविधाओं को प्रदान करने वाली हैं। जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हर जिले में क्लीयरिंग हाउस चलाता है अथवा जैसे सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा पूरे देश के विद्यालयों को नियमित किया जाता है। इस प्रकार की सार्वजनिक इकाइयों को बनाए रखना जरूरी है। इन कार्यों को निजी हाथों में नहीं छो?ा जा सकता। दूसरी इकाइयां वे हैं, जिनके समकक्ष निजी इकाइयां वर्तमान में सफल हैं। जैसे स्टेट बैंक को छोड़कर अन्य बैंकों के सामने कोटक महिंद्रा आदि प्राइवेट बैंक सफल हैं; अथवा जैसे एयर इंडिया के सामने इंडिगो एवं स्पाइस जेट एयरलाइन सफल है; अथवा जैसे तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल के सामने रिलायंस सफल है। इन क्षेत्रों में सार्वजनिक इकाइयों को बनाए रखने का औचित्य नहीं है क्योंकि इन सेवाओं को निजी उद्यमी उपलब्ध करा सकते हैं। यह सही है कि निजी उद्यमियों द्वारा जनता से अधिक रकम वसूल कर मुनाफाखोरी की जा सकती है लेकिन इस समस्या को नियंत्रण व्यवस्था सुदृढ़ करके संभाला जा सकता है। जैसे ट्राई ने मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली निजी कंपनियों पर नियंत्रण कर देश में सस्ती मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। इसी प्रकार रि?र्व बैंक द्वारा निजी बैंकों के नियंत्रण से सस्ती बैंकिंग सेवाएं प्रदान करायी जा सकती हैं। इस प्रकार की तमाम इकाइयों का निजीकरण किया जा सकता है, जिनके द्वारा प्रदत्त सेवाएं निजी क्षेत्र द्वारा उपलब्ध करायी जा सकी हैं।वर्तमान में सार्वजनिक इकाइयों का च्मार्केट कैपिटलाइजेशनज्यानी उनके शेयरों की बाजार में कीमत लगभग 20 लाख करोड़ है। इसके सामने वर्तमान वर्ष 2021-2022 में सरकार द्वारा कुल पूंजी खर्च केवल 5.5 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है। अत: यदि वर्तमान सार्वजनिक इकाइयों का निजीकरण कर दिया जाए तो हमें 20 लाख करोड़ की विशाल रकम मिल सकती है। इसमें यदि एक-चौथाई इकाइयां जैसे स्टेट बैंक को मान लें, जिनका निजीकरण नहीं करना चाहिए; तो हमें लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की विशाल रकम मिल सकती है। इस विशाल रकम को हमें नयी तकनीकों के सृजन में तत्काल निवेश करना चाहिए। जैसे एक इकाई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए बनाई जा सकती है। वर्तमान में मेडिकल आदि क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से डॉक्टरों द्वारा पर्चे आसानी से लिखे जा रहे हैं और रोगियों को लाभ मिल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा रोगी के तमाम टेस्ट का अध्ययन करके डॉक्टर को सुझाव दिया जाता है। इससे डॉक्टर के लिए तमाम टेस्ट रिपोर्ट को स्वयं देखना आवश्यक नहीं रह जाता है। दूसरे, छठी पीढ़ी के इंटरनेट के सृजन के लिए हमें निवेश करना चाहिए। तीसरे, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे इंटरनेट के माध्यम से किसी दफ्तर की सुरक्षा व्यवस्था को संचालित करना, एयर कंडीशनिंग को नियंत्रित करना इत्यादि में निवेश करने में बहुत संभावनाएं हैं। चौथा, आने वाले समय में जेनेटिक जीन परिवर्तन से नयी दवाएं इत्यादि बनाई जा रही हैं, जिस पर भी हमें निवेश करना चाहिए। जैसे आलू की प्रजाति में सुधार करके उसके माध्यम से विटामिन परोसा जा सकता है।पांचवां आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी जैसी वैकल्पिक दवाओं के विस्तार के लिए हमें इकाई बनानी चाहिए जो कि इन उपचार व्यवस्थाओं का अंतर्राष्ट्रीय प्रचार करें और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार इन पर शोध करें इत्यादि।

छठा, अमेरिका की वर्जिन गैलेक्टिक कंपनी ने अंतरिक्ष में वाणिज्य यान भेजने का ऐलान किया है। इसी प्रकार भारत सरकार भी एक इकाई बना सकती है। वर्तमान में इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन द्वारा दूसरे देशों के सेटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाया जा रहा है। यही कार्य एक अलग इकाई द्वारा किया जा सकता है। चीन ने मंगल ग्रह पर अपना यान उतारा है। भारत भी वाणिज्यिक स्तर पर अंतरिक्ष एवं दूसरे ग्रहों में यान भेज सकता है।

इन तमाम तकनीकी संभावनाओं को फलीभूत करने के लिए जरूरी है कि देश वर्तमान की तुलना में नयी तकनीकों के सृजन में 10 गुना निवेश बढ़ाए। सरकार के वर्तमान बजट के अंतर्गत यह संभव नहीं है। इसलिए सरकार को कठोर कदम उठाते हुए स्टेट बैंक को छो? कर अन्य सरकारी बैंकों, एयर इंडिया, तेल कंपनियों आदि का निजीकरण कर देना चाहिए और मिली हुई रकम को नयी तकनीकों के आविष्कार में निवेश करना चाहिए।इस सुझाव के विपरीत कहा जा सकता है कि जो सार्वजनिक इकाई के समीप हैं, उनके हितों को संरक्षित करने के लिए इनका निजीकरण नहीं होना चाहिए। पर यह तर्क नहीं ठहरता क्योंकि इकाई का निजीकरण किया जा रहा है। कर्मचारियों को सेवानिवृत्त नहीं किया जा रहा है। जो भी उद्यमी इन इकाइयों को खरीदेगा, उसे भी कर्मचारी की जरूरत होती है। यदि कर्मचारी ईमानदारी से काम करेंगे तो उन्हें वह निकाले, ऐसी कोई जरूरत नहीं है। अत: इस समय सार्वजनिक इकाइयों के श्रमिकों के हित साधने के स्थान पर सरकार को देश का तकनीकी भविष्य साधना चाहिए और तमाम गैर आवश्यक सार्वजनिक इकाइयों का निजीकरण करके उस मिली रकम को नयी तकनीकों के आविष्कार में लगाना चाहिए।

**भरत झुनझुनवाला**
**लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।**

# अब न होगी कैदियों की रिहाई में देरी

हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है लेकिन इस मौलिक अधिकार के हनन की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। इनमें सबसे ज्यादा घटनाएं नागरिकों को अवैध तरीके से हिरासत में रखने या फिर अदालत के आदेश के बावजूद कई-कई दिनों तक उन्हें जेल से रिहा नहीं करने से संबंधित होती हैं। देश की सर्वोच्च अदालत एक ऐसी व्यवस्था शुरू कर रही है, जिसमें क्योंकि जल्द ही 'कागो हाथ संदेशा भेजने' की पुरानी परंपरा बीते दिनों की बात हो जायेगी और कैदियों की रिहाई में विलंब नहीं होगा।अदालत से जमानत प्राप्त करने या रिहाई का आदेश हासिल करने वाले व्यक्ति के लिए न्यायिक आदेश के बावजूद कुछ घंटे या दिन जेल की सलाखों के पीछे गुजारना मुश्किल होता है। अदालत का प्रमाणित आदेश समय से नहीं मिलने के आधार पर रिहाई में विलंब की स्थिति को उच्चतम न्यायालय ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। न्यायालय को लगता है कि आधुनिक संचार युग में भी हम आदेश (न्यायिक) पहुंचाने के लिए आकाश में कबूतर उड़ाना चाहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसके तहत न्यायिक आदेश को तुरंत और सुरक्षित तरीके से डिजिटल संप्रेषण प्रणाली के माध्यम से जेलों तक पहुंचाया जायेगा। उम्मीद है कि नयी व्यवस्था एक महीने के आसपास प्रभावी हो जायेगी।शीर्ष अदालत ने हाल ही में न्यायिक आदेश के बावजूद आगरा की जेल में बंद 13 कैदियों की आठ दिन तक रिहाई नहीं होने की घटना का स्वत- संज्ञान लिया था। इस घटना के बाद ही न्यायालय ने कैदियों की रिहाई के लिये न्यायिक आदेश पहुंचाने की इस पुरानी व्यवस्था को बदलने तथा डिजिटल माध्यम से आदेश संप्रेषित करने की दिशा में यह कदम उठाया है। न्यायालय ने जेल में बंद कैदियों की वैयक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करते हुए अब न्यायिक आदेश की प्रमाणित प्रति दस्ती तरीके से भेजने की बजाय जमानत संबंधी आदेश डिजिटल तरीके से संप्रेषित करने का निर्णय किया है। अब जेल अधिकारियों के लिये अदालत के आदेश की प्रमाणित प्रति नहीं मिलने या ऐसे ही किसी अन्य बहाने से जमानत पाने वाले व्यक्ति की रिहाई में विलंब करने की गुंजाइश नहीं रह जाएगी। प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी संबंधित पक्षों तक इन आदेशों को 'तुरंत ही सुरक्षित तरीके' से पहुंचाने के उद्देश्य से हाल ही में एक आदेश में उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को एक पखवाड़े के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत का प्रयास है कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से न्यायिक आदेश संप्रेषित करने की व्यवस्था पर एक महीने के भीतर ही क्रियान्वयन हो जाए।इस समय 'फास्टर' (इलेक्ट्रानिक रिकार्ड के त्वरित एवं सुरक्षित संप्रेषण) नाम की नवोन्मेषी योजना पर संबंधित जेलों, जिला अदालतों, उच्च न्यायालय तक न्यायिक आदेशों को पहुंचाने के लिये विचार किया जा रहा है। यह योजना लागू हो जाने के बाद इससे समय की बचत होगी और यह सुनिश्चित होगा कि शीर्ष अदालत के आदेशों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार का विलंब हो।लेकिन इस योजना के अंतर्गत न्यायिक आदेशों को तुरंत ही सुरक्षित तरीके से संबंधित पक्षों तक डिजिटल तरीके से संप्रेषित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये सभी जेलों में इंटरनेट की सुविधा बेहतर करनी होगी। इस बीच, सॉलिसिटर जनरल चाहते हैं कि न्यायिक आदेश अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड होने के बाद ही जेल अधिकारी उन पर अमल करें क्योंकि कई बार कैदी भी अदालत के आदेश के साथ फर्जीवाड़ा करने का प्रयास करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ आन्दोलन के दौरान हिंसा की घटनाओं के सिलसिले में गिरफ्तार दो छात्राओं नताशा नरवाल और देवांगना कलिता सहित तीन आरोपियों को उच्च न्यायालय से जमानत मिल जाने के बावजूद 48 घंटे तक तिहाड़ से जेल से रिहा नहीं किया गया। दिल्ली पुलिस की ओर से तर्क यह दिया गया कि आरोपियों के निवास स्थान के पते का सत्यापन हो रहा था। इसी तरह, आपराधिक मामले में आगरा की जेल में 20 साल गुजार चुके 13 कैदियों को अंतरिम जमानत पर रिहा करने के शीर्ष अदालत के आठ जुलाई के आदेश के बावजूद उन्हें एक सप्ताह से ज्यादा समय तक रिहा नहीं किया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2012 में मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया तो अपराध के समय इन दोषियों की उम्र के निर्धारण का पता लगाने का निर्देश किशोर न्याय बोर्ड को दिया गया था। इसके बाद ही यह पता चला कि अपराध के समय ये कैदी नाबालिग थे। निन्संदेह तुरंत और सुरक्षित तरीके से डिजिटल संप्रेषण की व्यवस्था अमल में आने से कैदियों को राहत मिलेगी और उनके परिजनों को कई-कई दिन तक जेलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**अनूप भटनागर**

# आपका राशिफल 21 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5501



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5500**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मानसून के मौसम में कैसे करें पैरों की देखभाल

मानसून का मौसम शुरू हो गया। इस मौसम में जहां स्किन चिपचिपी हो जाती है वहीं पैरों को भी कीचडए गंदे पानीण् ठंडे वातावरण तथा सीलन की मार झेलनी पड़ती है। इसके कारण पांव से बदबूदार पसीना निकलना शुरू हो जाता हैए जिससे दाद.खाजए खुजली व लाल चकत्ते की समस्या होने लगती है। वहीं अधिक नमी व पसीने के कारण पैरों में इंफेक्शन का खतरा भी रहता है इसलिए मानसून के दौरान पैरों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स देंगेए जिससे आप मानसून के मौसम में भी पैरों का ख्याल रख सकते हैं।

### पैरों को गर्म पानी डुबोएं

हल्का गुनगुना पानी करके उसमें नमकए शैंपू और कोई भी वेजिटेबल ऑयल मिलाएं। अब इसमें 15 मिनट तक पैर डुबोएं और फिर ब्रश पैरों व नाखूनों को अच्छी तरह साफकरके साफपानी से धो लें।

### नाखूनों को काटे

मानसून में पैरों के नाखूनों को समय.समय पर काटें क्योंकि बड़े नाखूनों में गंदगी फंस सकती हैए जिससे इंफेक्शन का खतरा रहता है। ध्यान रखें कि नाखूनों के क्यूटिकल्स को न काटें।

### क्रीम जरूर लगाएं

पैरों और नाखूनों पर अच्छी तरह क्रीम लगाकर रखें। आप चाहे तो किसी तेल से क्यूटिकल्स की मालिश भी कर सकते हैं।

### नींबू और नमक से टैगोर

एक चौथाई बाल्टी गर्म पानी में 1६2 कप नमक व 1६2 कप नींबू का रस मिलाएं। पैरों में बहुत पसीना आता है तो टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें भी मिला लें। इसमें 10.15 मिनट तक पैर भिगोएं और फिर उन्हें ताजे पानी से साफकरने के बाद लोशन जरूर लगाएं।

### होममेड फुट लोशन

3 टेबलस्पून गुलाब जलए 2 टेबलस्पून नींबू का रस और 1 चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर पैरों पर लगाएं। आप इसे ओवरनाइट या 30 घंटे के लिए लगा सकते हैं।

### पैरों की ड्राईनेस

1 बाल्टी के 1६4 हिस्से तक ठंडा पानी भरकर 2 टेबलस्पून शहदए 1 टेबलस्पून हर्बल शैम्पूए 1 टेबलस्पून बादाम तेल को पानी में मिक्स करें। इसमें पैरों को 20 मिनट तक भिगोने के बाद ताजे पानी से साफकर लें। इससे भी पैरों में मानसून वाली समस्याएं नहीं होंगी।

### पैरों की मसाज

100उस जैतून तेलए 2 बूंद नीलगिरी तेलए 2 चम्मच रोजमेरी तेलए 3 चम्मच खसखस या गुलाब तेल मिलाकर एयरटाइट जार में डाल लें। रोजाना इससे दिन में 1.2 बार पैरों की मसाज करें। इससे पैरों ठंडक मिलेगी और वो मानसून में होने वाली परेशानियों से भी बचे रहेंगे।

## सूडोकु नवताल- 6022

★☆☆☆☆ सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |


## विचार प्रवाह



यदि कोई पति पत्नी अपने घर एकहोनहार बेटा चाहते हं तो उन्हें संयम और मर्यादा में रहना होगा। तपस्वी पति पत्नी के घर ही ऐसा होनहार बेटा पैदा होता है। जिस घर में पति पत्नी सारे दिन ताश चौपड़ खेलते हैं क्लब में जाकर डांस करते हैं और शराब पीते हैं। उस घर में दु:शासन और दुर्याधन ही पैदा होंगे। जीवन में संयम और मर्यादा होगी तो ही घर में राम, कृष्ण, महावीर, कुन्दकुन्द और शिवाजी महाराज का जन्म होगा। अगर बेटा शराबी है, चोर उचक्का है तो इसके लिए 50 फीसदी दोषी मां बाप भी हैं।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7093



**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वेदश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

**शब्द पहेली -7092 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# अवैध कॉलोनियां पनपीं तो नगर निगम कमिश्नर होंगे जिम्मेदार

**भोपाल।** प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए अधिनियम में संशोधन किया जा रहा है। इसके नियम बनाए जा रहे हैं। नगर निगम कमिश्नर सुझाव दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि अब कोई भी अनाधिकृत कॉलोनी न बने। यदि ऐसा होता है तो इसके लिए जिम्मेदारी उन्हीं की तय की जाएगी। भोपाल और इंदौर की तरह अन्य स्मार्ट सिटी भी जनभागीदार आधारित योजनाएं बनाएं। स्मार्ट सिटी में पूरे अधिकार आपके पास ही हैं, इसलिए परियोजनाओं को समय-सीमा में पूरा करवाने की जिम्मेदारी भी आपकी ही है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्मार्ट सिटी और मेट्रो रेल परियोजना के कामों की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। शहर में संचालित सीवेज और जल आपूर्ति परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जाए। नए नियमों के तहत 30 प्रतिशत तक अवैध निर्माण को वैध किया जा सकता है। इसके लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। इससे भवन स्वामियों की कठिनाई तो दूर होगी ही निकायों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने भोपाल व इंदौर मेट्रो



रेल परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी काम समय सीमा में पूरे किए जाएं। जरूरी कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द की जाए। इस दौरान मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को लेकर प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह ने कहा कि जो भी प्रोजेक्ट बनाएं, उसे इस तरह बनाया जाए, जिससे उसका लाभ आगे भी नागरिकों को मिलता रहे। सागर और सतना के कामों में तेजी लाई जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त निकुंज श्रीवास्तव ने स्मार्ट सिटी में चल रहे कार्यों की जानकारी दी।

# अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए हर जिले में नियुक्त होगा पालक अधिकारी- मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने सोमवार को कोविड-19 बाल सेवा योजना के अंतर्गत सिंगल क्लिक से 16 लाख 40 हजार रुपये की राशि 328 बाल हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। उन्होंने कहा कि जीवित और जागरूक समाज के रहते हुए कोई कैसे अनाथ रह सकता है। योजना के हितग्राहियों को पांच हजार र्स्पये प्रतिमाह, भोजन के लिए राशन की व्यवस्था, शिक्षा के लिए भारत में कहीं भी शिक्षा खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। हर जिले में एक पालक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। यह अधिकारी बच्चों की देखभाल के लिए उत्तरदायी रहेगा। मुख्यमंत्री ने बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप और फोस्टर केयर के अंतर्गत इंदौर, राजग?, सिवनी, बैतूल, मंदसौर, सतना एवं ग्वालियर के 13 बधाों और अभिभावकों से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने बताया कि बाल सेवा योजना में माता-पिता अथवा घर में कमाने वाले सदस्य की कोरोना से मृत्यु हो जाने से उनके आश्रित बच?चों को प्रति सदस्य पांच हजार रुपये प्रति माह, राशन एवं उनकी शिक्षा संबंधी सभी जिम्मेदारियां राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएंगी। बधाों से उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी यदि अन्य कोई आवश्यकता होगी, तो कलेक्टर उनकी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को बचपन में ही खो दिया था परंतु उन्होंने कभी हार नहीं मानी, वे आगे ब? और इतने आगे ब? कि समाज के पथ प्रदर्शक बनें। गोस्वामी तुलसीदास, विवेकानंद, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन आदि गुरू शंकराचार्य, मिल्खा सिंह, नेल्सन मंडेला, स्टीव जाव्स सहित अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में दुनिया को दिशा दिखाई।



### कलेक्टर इंदौर के संज्ञान पर मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

कलेक्टर इंदौर मनीष सिंह द्वारा मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया कि एक प्रकरण में बाल सेवा योजना के हितग्राही बधाों की दादी ने उनके माता-पिता के मकान को 40 लाख में बेच दिया है, जबकि मकान की कीमत करीब एक करो? र्स्पये थी। इस पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में तुरंत कार्रवाई कर हितग्राहियों की संपत्ति को सुरक्षित एवं संरक्षित करें। माता-पिता की संपत्ति उनके बच?चों के नाम ही हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कलेक्टर इंदौर की पहल को अनुकरणीय बताया।

### स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 223 हितग्राहियों को दो हजार रुपये प्रतिमाह प्रति हितग्राही के रूप में चार लाख 46 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। हितग्राही जिनके माता या पिता में से एक की मृत्यु एक मार्च 2021 से पहले हुई हो, उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हो, उन्हें इस योजना का लाभ दिलाने के लिए भारत सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना का सरलीकरण किया गया है।

### ग्वालियर की विभा और ज्योति से भी की बात

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की विभा अनेजा एवं ज्योति भावना से चर्चा की। विभा द्वारा स्वयं के बधो होते हुए भी दो बालिकाओं को फोस्टर केयर पर लिया गया। इसके बाद पोक्सो से पी?ित एक बालिका को फोस्टर केयर पर लिया। बालिकाओं को शिक्षा के साथ प?ाई और व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ज्योति भावना की अशासकीय संस्था द्वारा आठ बालिकाओं को फोस्टर केयर में लिया गया है, जिन्हें दो हजार र्स्पये प्रतिमाह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# मध्य प्रदेश में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी लड़ेगी निकाय चुनाव, स्थान के चयन पर मंथन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) नगरीय निकाय चुनाव ल?ेगी। इसके लिए तैयारी तेज कर दी गई हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी हक नजीर और सैयद मिन्हाजुद्दीन जल्द ही प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। इससे पहले पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हैदराबाद जाएंगे। वहां प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को लेकर निर्णय लिया जाएगा। पार्टी कितने स्थानों पर चुनाव लगी, यह अभी तय नहीं है, लेकिन मुस्लिम बहुल क्षेत्रों पर पार्टी नेताओं की नजर है। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों की सुगबुगाहट शुरू होते ही एआइएमआइएम के सदस्यों ने भी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कोरोना की दूसरी लहर से पहले नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी की भागीदारी के लिए प्रयास शुरू हो गए थे। पार्टी की भोपाल इकाई के अध्यक्ष ताहिर अनवर ने बताया कि सदस्यता अभियान जारी है। ऑनलाइन सदस्यता लेने वालों की संख्या एक लाख से अधिक हो गई है। कोरोना के कारण राजनीतिक गतिविधियों को विराम दिया गया था, लेकिन कुछ माह पूर्व पार्टी के दोनों प्रदेश प्रभारियों ने खरगोन, बुरहानपुर, भोपाल, जबलपुर, इंदौर सहित जिन जिलों का दौरा किया था, वहां मेल-मुलाकात के जरिये पार्टी एजेंडे पर बात हो रही है। यह तय है कि पार्टी नगरीय निकाय चुनाव ल?ेगी। हालांकि अभी यह तय होना बाकी है कि किन-किन स्थानों पर कितने प्रत्याशी उतारे जाएंगे। प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों का इंतजार करने की भी रणनीति रहेगी।

### प्रदेश प्रभारी मिलेंगे पदाधिकारियों से

पार्टी पदाधिकारियों की ओर से बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी हक नजरी और सैयद मिन्हाजुद्दीन अगस्त के पहले या दूसरे सप्ताह में प्रदेश के दौरे पर आने का कार्यक्रम है। इससे पूर्व पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नईम अंसारी जुलाई अंत या अगस्त के शुरुआती दिनों में हैदराबाद जाएंगे। अंसारी का यह दौरा प्रदेश कार्यकारिणी के गठन को लेकर होगा। नई कार्यकारिणी के गठन में वक्त लगने पर पुरानी कार्यकारिणी को बहाल करने का विकल्प भी खुला रखा गया है। इससे प्रदेश स्तर पर काम करने वाली टीम मिल जाएगी।

पार्टी गतिविधियां जारी हैं। नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी चल रही है। प्रदेश कार्यकारिणी के गठन को लेकर मुझे हैदराबाद जाना है। चुनाव के संबंध में निर्णय जल्द ही लिए जाएंगे।

–

**डॉ. नईम अंसारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, एआइएमआइएम**

# पांच अगस्त से 9वीं-10वीं की कक्षाएं होंगी शुरू

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन सुनिश्चित करते हुए आगामी 26 जुलाई से 11वीं एवं 12वीं की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। कक्षा 9वीं एवं 10वीं की कक्षाएं 05 अगस्त से प्रारंभ की जाएंगी। सभी स्कूल 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ प्रारंभ होंगे। जुलाई महीने में सप्ताह में दो तथा अगस्त माह में विद्यार्थी सप्ताह में चार दिन विद्यालय आ सकेंगे। कक्षाएं शुरू करने के संबंध में आपदा प्रबंधन समितियां स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले सकेंगी। स्कूलों एवं महाविद्यालयों में कक्षाओं में विद्यार्थियों को भिजवाने के लिए उनके पालकों की सहमति आवश्यक होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के महाविद्यालयों में एक सितंबर से नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। वर्तमान में ओपन बुक पद्धति से परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप महाविद्यालयों में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का अभियान चलाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। इसी के साथ अधिक से अधिक विद्यार्थियों का टीकाकरण भी हो




### एक कुर्सी छोड़कर होगी बैठक व्यवस्था

कोरोना नियंत्रण के संबंध में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त माह के पहले सप्ताह से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ दो-दो दिन कक्षाएं लगाई जाएं। कक्षा के 50 प्रतिशत विद्यार्थी दो दिन आएं, शेष 50 प्रतिशत अगले दो दिन आएं। इस प्रकार एक सप्ताह में चार दिन स्कूल लगेंगे। कक्षा में एक कुर्सी छोड़कर बैठना, मास्क लगाना, सैनिटाइजर का उपयोग और कोरोना अनुकूल व्यवहार का शत-प्रतिशत पालन आवश्यक होगा। उन्होंने सभी प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिए कि भी भरे आयोजन नहीं किए जाएं। कहा कि कोविड अनुकूल व्यवहार के पालन में बुरहानपुर में आयोजित कार्यक्रम प्रशंसनीय है। प्रदेश की सभी औद्योगिक इकाइयां अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों, मजदूरों का शत-प्रतिशत टीकाकरण निजी अस्पतालों में सुनिश्चित कराएं। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए प्रदेश में जारी तैयारियों पर केंद्रित इस बैठक में कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति, टीकाकरण अभियान, अस्पतालों में संसाधनों को लेकर जारी तैयारी, ऑक्सीजन आपूर्ति आदि पर प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।

### केरल और महाराष्ट्र पर रखें नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक संक्रमण वाले देशों के साथ-साथ केरल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों पर नजर रखी जाए। प्रदेश में संभाग व सुदूरवर्ती जिलों में कोरोना जांच के लिए लैब विकसित की जाएं। अस्पतालों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ 30 सितंबर तक सभी ऑक्सीजन प्लांट आरंभ किए जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कोरोना के प्रकरण मात्र 12 और सक्रिय केस 202 हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश 32वें नंबर पर है। प्रदेश का रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय दर 97.3 प्रतिशत है। बैठक में जानकारी दी गई कि सितंबर-अक्टूबर में तीसरी लहर की आशंका है।

बैठक में बताया गया कि ऑक्सीजन के लिए 186 पीएसए प्लांट्स स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें से 34 ने कार्य करना आरंभ कर दिया है। शेष 152 प्लांट 30 सितंबर तक आरंभ हो जाएंगे।



## दो अहम भर्ती परीक्षाएं एक ही तारीख को आयोजित होंगी, असमंजस में अभ्यर्थी

**भोपाल।** सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले प्रदेश के अभ्यर्थी मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) प्रारंभिक और इंटेलिजेंस ब्यूरो(आईबी) मेंस की परीक्षा को लेकर असमंजस में हैं कि वे किसमें शामिल हो। दरअसल, एमपीपीएससी और आईबी मेंस की परीक्षा 25 जुलाई को आयोजित की जा रही है। दोनों परीक्षाएं एक ही दिन होने से अभ्यर्थियों की उलझन बढ़ गई है।

# चार सौ लोगों को एक ही स्लॉट में बुलाया, लगी लंबी कतार

**भोपाल।** टीकाकरण केंद्रों पर अव्यवस्था न हो इसलिए सोमवार सिर्फ ऑनलाइन बुकिंग वालों को ही टीका लगाया गया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की गलती की वजह से कई जगह लोगों को परेशानी हुई। लंबी कतार लगी रही। 25 वीं बटालियन में बनाए गए केंद्र में सुबह 9:30 बजे के करीब चार सौ लोग टीका लगवाने के लिए पहुंचे। लंबी कतार में लगने के बाद भी जब टीका लगवाने में देरी होने लगी तो लोगों की नाराजगी ब? गई। धक्का-मुक्की शुरू हो गई। यहां मौजूद लोगों ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के दौरान सुबह 9 से 9:30 बजे का सिर्फ एक स्लॉट दिखाया जा रहा था। सभी ने उसी समय के लिए बुकिंग कर ली। उसी वक्त पहुंच गए, जिससे इतनी भी? हो गई। आम तौर पर हर केंद्र के लिए समय के चार स्लॉट बनाए जाते हैं। सोमवार को सिर्फ ऑनलाइन बुकिंग करने वालों को ही टीका लगाया गया। इसमें कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगा। कोवैक्सीन उपलब्ध नहीं होने की वजह से टीका का कोई भी डोज नहीं लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बताया कि अभी एक हफ्ते तक कोवैक्सीन उपलब्ध होने के आसार नहीं हैं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. उपेन्द्र दुबे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 12 और शहरी क्षेत्रों में 28 मिलाकर कुल 40 केंद्र बनाए गए थे। हर केंद्र पर करीब चार सौ लोगों को टीका लगाने के लिए ऑनलाइन स्लॉट उपलब्ध कराए गए थे। तीन केंद्रों में कुछ स्लॉट छो?कर ज्यादातर बुक हो गए थे। उन्होंने बताया कि कुल 16 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें शाम चार बजे तक 8465 लोगों को कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगा था।

### 22 को भी सिर्फ ऑनलाइन बुकिंग वालों को लगेगा टीका

22 जुलाई को भी शहर में 16 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। सिर्फ ऑनलाइन बुकिंग वालों को कोविशील्ड का पहला आरै दूसरा डोज लगाया जाएगा। ऑनलाइन बुकिंग के लिए स्लॉट भी खोल लिए गए हैं। भोपाल के निजी अस्पतालों में सिर्फ दो केंद्रों पर कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जा रही है। स्वाथ्य विभाग के अधिकारियों ने निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर कहा है वह वैक्सीन खरीदकर टीकाकरण शुरू करें।

# शहर में सड़कों के गड्ढे और खोदाई बनी मुसीबत

**भोपाल।** राजधानी की सड़कों पर गड्ढे और बार-बार होने वाली सड़कों की खोदाई लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। एक तरफ सड़कों के गड्ढों में वाहन चालक फंस कर गिर रहे हैं तो दूसरी ओर सीवेज, केबल, पानी की लाइन बिछाने के लिए खोदी जाने वाली सड़कों से लोग परेशान हैं। नगर निगम प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, भेल नगर प्रशासन सहित अन्य शासकीय एजेंसियों के जिम्मेदार अफसर सड़कों की मरम्मत के प्रति उदासीन हैं, जिसका



खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कोलार रोड पर गड्ढे से बचने के लिए एक महिला स्कूटी सवार की गिरने के कारण रविवार को मौत भी हो चुकी है। अन्ना नगर - तिराहे से लेकर स्मार्ट सिटी सहित महात्मा गांधी चौराहे तक जगह-जगह गड्ढे हैं। सड़क का डामर उखलने से एक फीट गहरे और चार फीट लंबे गड्ढे हो गए हैं। अन्नाा नगर तिराहे पर रोजाना वाहन चालक गिर कर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक व उनके पीछे बैठे लोग गिरते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहनों की चपेट में आकर चोटिल हो जाते हैं। यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों ने सड़क के गड्ढे नहीं भरवाए तो हादसे में किसी की जान भी जा सकती है।

# डायल 100 का 642 करोड़ का टेंडर निरस्त

**भोपाल।** विवादों में उलझा डायल-100 का 642 करोड़ रुपये का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब नए सिरे से प्रक्रिया शुरू होगी। टेंडर हासिल करने वाली छत्तीसग? की कंपनी के दस्तावेज फर्जी होने की शिकायत हुई थी। हालांकि पुलिस की जांच में यह आरोप सही नहीं पाए गए थे। डायल-100 के लिए खरीदे जाने वाले वाहनों के लिए निकाला गया टेंडर पिछले दिनों निरस्त कर दिया गया। इस टेंडर प्रक्रिया में जीवीके इएमआरआइ और अशोका बिल्डकॉन कंपनी ने हिस्सा लिया था। अशोका बिल्डकॉन ने एबीपी ट्रेवल्स एंड फेसिलिटी मैनेजमेंट के साथ संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। इसमें एबीपी के अनुभव के प्रमाण पत्र लगाए गए और इसी आधार पर ठेका मिला। इस पर जीवीके ने शिकायत की कि अशोका बिल्डकॉन ने गलत दस्तावेज लगाकर टेंडर हासिल किया है। पुलिस जांच में यह शिकायत सही नहीं पाई गई। जानकारी के अनुसार, जीवीके की टेंडर राशि 692 तो



अशोका बिल्डकॉन की टेंडर राशि 642 करोड़ रुपये थी।योजना का प्रारूप बदला ~ डायल-100 के लिए खरीदे जाने वाले वाहनों के लिए योजना का प्रारूप बदला गया है। अब 1200 वाहनों के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। टेलीकॉम एंड रेडियो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय झा ने बताया कि टेंडर पिछले दिनों निरस्त कर दिया गया है। टेंडर को लेकर हुए विवाद में जांच करवाई गई थी। इसमें दस्तावेजों को सही पाया गया था। अब नए प्रारूप के तहत टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

# अस्पताल में साझेदार बनाने के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी




**भोपाल ।** जहांगीराबाद में स्थित एक अस्पताल में साझेदार बनाने के नाम पर धोखाध?ी करने वाले डॉक्टर पर केस दर्ज किया गया है। आरोपित ने अपने परिचित स्कूल संचालक से 15 लाख रुपये ऐंठ लिए थे, लेकिन बाद में न तो उन्हें साझेदार बनाया और न ही उनकी रकम लौटाई। मामले की लंबी जांच के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआइआर की है। आरोपित पर एक और साझेदार पूर्व में भी एफआइआर दर्ज करा चुके हैं। जहांगीराबाद थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह चौहान के अनुसार पन्ना में रहने वाले इदरीश खान को वर्ष 2019 में उनके परिचित कलीम अहमद ने ऑफर दिया था कि वह जहांगीराबाद इलाके में स्थित उनके न्यू एप्पल अस्पताल में कुछ रकम निवेश कर पार्टनर बन सकते हैं। अभी अस्पताल में चार पार्टनर हैं। इदरीश ने इस प्रस्ताव पर हामी भरते हुए चेक के माध्यम से 15 लाख रुपये कलीम को दे दिए। लेकिन कलीम ने न तो उन्हें अस्पताल में साझेदार बनाया और न ही उनकी रकम लौटाई। जब भी इदरीश पैसों की बात करते तो कलीम टाल जाता। थक-हारकर इदरीश ने इसकी शिकायत जहांगीराबाद थाने में की थी। थाना प्रभारी चौहान का कहना है कि कोरोना काल में यह अस्पताल चला नहीं और उसका सामान बिक गया। कलीम ने जिन लोगों से पैसे लिए थे, वह उनके पैसे नहीं चुका पाया। इस पर एक धोखाधड़ी की एफआइआर उसके खिलाफ पहले भी दर्ज हो चुकी है। कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया है।

# तीन माह माह बाद भी नहीं बने बाल ग्राम में रह रहे बच्चों के आयुष्मान कार्ड

**भोपाल।** राजधानी के खजूरी कलां स्थित एसओएस बाल ग्राम में रहने वाले बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तीन महीने पहले निर्देश दिए गए थे। लेकिन अब तक एक भी बच्चे का आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया गया। इसे लेकर कलेक्टर अविनाश लवानिया ने नाराजगी जताई और कहा कि ऐसी लापरवाही नहीं चलेगी। किसी अधिकारी को भेजकर तत्काल यह काम कराएं। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सोमवार को सभी विभागों की टीएल बैठक के दौरान नगर निगम के अधिकारियों को यह निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण की बैठक में सभी जिला अधिकारी संपूर्ण जानकारी के साथ उपलब्ध हों। उन्होंने यह बात वेयर हाउस कार्पोरेशन के अधिकारियों द्वारा किसानों की लंबित राशि की जानकारी न दे पाने के चलते कही। उन्होंने पूछा कि आप सही डाटा कब तक बता पाएंगे। सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी के पास शिकायतें लंबित होने के चलते अलग से समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण कम होने पर विभागीय गतिविधियों में गति लाएं और आवेदकों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर उमराव सिंह मरावी, माया अवस्थी और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंत्येष्टी में प्रयुक्त लकड़ियों में घपला



चट्टा के भाव में तौल कर कम लकडियॉ दे रहा वन विभाग

**रहली।** आम आदमी की जरूरत की समग्री में गोलमाल और घपला की खबरे अब आम हो गई है। भ्रष्टाचार का बोलबाला बढता जा रहा हैं वन विभाग को खुला खजाना माना जाता हैं। लधुवनउपज,इमारती लकडी और अबैध उत्खनन सहित अनेक कार्य में वन विभाग की गतिविधियॉ संदिग्ध रही है।लेकिन वन विभाग का एक और मामला समाने आया जो मानवता को शर्मशार करने वाला है गरीब आदमी की भी मृत्यु होती हैं कभी कभी अचानक मृत्यु हो जाती हैं और लकडियॉ खरीदने के लिए भी पैसों की जुगाड नही होती हैं लेकिन शव की अंतेष्ठि समय पर और सम्मान के साथ हो सके इसके लिए नगर पालिका और ग्राम पंचायतों द्वारा तुरंत नगद राशि देने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई हैं वन विभाग द्वारा भी ऐसे प्रयास किए जाते हैं कि अंतेष्ठि के लिए हमेशा सूखी लकडियॉ उचित दाम पर उपलब्ध रहे जानकारी के अनुसार अंतेष्ठि के लिए निर्धारित मात्रा से कम लकडियॉ उसी दाम पर दी जाती हैं जिसके कारण और अधिक लकडियों की व्यवस्था करनी होती हैं और शोक संतृप्त परिवार को आर्थिक वोझ बढ जाता है। और यदि अधिक लकडिया न खरीदी जाए तो शव अधजला भी रह जाता है प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा एक चट्टा लकडी जिसका अनुमानित बजन लगभग पॉच क्विंटल होता हैं उसका विक्रय मूल्य 1 हजार 875 रूपए निर्धारित किया गया है। एक शव की अंतेष्ठि के लिए एक चट्टा लकडियों की जरूतर पढती हैं उसके चट्टा बना कर रखे जाते हैं तराजू से तौल कर दिए जाने का प्रावधान नही हैं उसके बाद भी दक्षिण वन मंडल के रहली रेंज सहित आस पास की तहसीलों में एक शव की अंतेष्ठि के लिए एक चट्टे के भाव में तराजू से तौल कर लगभग तीन क्विंटल लकडियॉ प्रदान की जाती हैं जो की मानवता को शर्मशार करने वाला गोलमाल कहा जाऐगें। सभी धर्मो में मृतक का अंतिम संस्कार पुण्य कार्य कहां जाता है अनेक संस्थाएं इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग प्रदान करती हैं क्षेत्रीय विधायक केबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव जरूरतमंद गरीबों की अंत्येष्टि के लिए नगद राशि प्रदान करते हैं तथा शोमकाज के लिए खाद्यान्न प्रदान करते हैं अस्थि विसर्जन के लिए वाहन आदि की व्यवस्था की हुई है और उन्हीं की विधानसभा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अंत्येष्टि के लिए प्रदान की जाने वाली लकड़ियों की मात्रा में खेल खेला जा रहा है।अधिकारियों इस पूरे खेल से अंजान बने हुए हैं राजनैतिक मुद्दों पर आऐ दिन ज्ञापन,धरना,पुतला दहन सहित बजार बंद किया जाता हैं लेकिन उन्हे भी इस संबेदनशीन विषय की ओर ध्यान नही दिया।शोकसंतृप्त लोगों के साथ छलाव लंबे समय से छलावा किया जा रहा है।

रेंजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शव दहन के लिए प्रदान की जाने वाली लकड़ी को तोलने का कोई प्रावधान नहीं है निर्धारित लगभग पांच क्विंटल का चट्टे 1875 रूपऐ में दिया जाता है। लेकिन दक्षिण वन मंडल की रहली डिपो में लंबे समय से तराजू लगा हुआ है और रेंजर साहब कह रहे हैं कि अंत्येष्टि में प्रदान की जाने वाली लकड़ियों की तुलना का कोई प्रावधान ही नहीं है पूर्व से बनाऐ गए एक चट्टा दिया जाना चहिए गौरतलब हैं कि डिपो परिसर में रेट लिस्ट और मात्रा की सूची कही लिखी हुई नही है।इस संबंध में रेंजर प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया एक चटटे की कीमत लगभग 1875 रूपऐ निर्धारित है उसे पूरा एक अंतेष्ठि के लिए दी जाती है। उसका लगभग बजन पॉच क्विंटल होता होगा। अंतेष्ठि के लिए तौल कर लकडी देने का प्रावधान ही हैं आप के द्वारा ही मुझे बताया गया हैं यह मामला मेरी जानकारी में नही हैं यदि ऐसे हो रहा है तो उसे तुरंत सुधारा जाऐगे इस संबंध में दक्षिण वन मंडल के डीएफओं साहब से बात करनी चाही तो पहले कहा गया वे इस संबंध में शाम 7 बजे तक बताऐगे। शाम को फिर फोन लगाने पर बताया गया कि वे भी छुटटी पर इस लिए बात नही हो पाऐगी।



# उड़द मूंग उपार्जन की मंद गति से किसान परेशान

**सिहोरा।** जिले सहित सिहोरा में इन दिनों मूंग और उड़द बेचने के लिए किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। उड़द और मूंग के समर्थन मूल्य में शासन द्वारा खरीदे जाने की प्रक्रिया अत्यंत धीमी होने के कारण 15 जून से प्रारंभ हुई खरीदी में अब तक लगभग 4000 किसान ही उपार्जन नीति का लाभ ले पाए है। स्थिति यह है कि किसानों की उपज कटकर तैयार है जिसे सरकार नहीं ले रही है। ऐसे में किसान औने-पौने दामों में व्यापारियों को बेचने मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें प्रति क्विंटल 15 सौ से 2 हजार रुपये कम दाम में व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। अगर समय पर उपार्जन एवं भुगतान प्रक्रिया शुरू हो जाती तो यह समस्या पैदा नहीं होती।

### आधे किसानों को नहीं हुए एस एम एस

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के लगभग 31096 किसानों ने ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की उपार्जन हेतु पंजीयन कराया है विभागीय मंद गति के कारण अभी तक 17132 किसानों को ऐसे में किए गए हैं जबकि 17511 किसानों को अभी तक उपार्जन हेतु एस एम एस तक नहीं किए गए।

### जानकारी न देकर टरका रहे विभाग

किसानों ने आरोप लगाया है कि इस संदर्भ में जब किसान फूड विभाग से संपर्क करता है तो उसे नोडल एजेंसी कृषि विभाग का होने का हवाला देकर टरका दिया जाता है एवं जब कृषि विभाग से संपर्क करता है तो उसे खाद विभाग से संपर्क करने की सलाह दी जाती है जिसके चलते किसान दोनों विभाग के बीच में पेंडुलम की तरह घूम रहा है।

### कुल 12200 मेट्रिक टन की हुई खरीदी

उपार्जन प्रारंभ हुए लगभग 1 माह से अधिक समय बीत चुका है एवं जबलपुर जिले में अब तक कुल 4140 किसान ही मूंग का उपार्जन कर सके हैं बताया जाता है कि शासकीय खरीदी में अभी 12200 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी की गई है वहीं मात्र 27 किसानों ने 72.5 टन उड़द का उपार्जन किया है।

### कम दाम पर उपज बेचने मजबूर किसान

उपार्जन में हो रहे विलंब के चलते अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने किसान उड़द एवं मूग कृषि उपज मंडी मैं कम दामों पर बेचने विवस है। 19 जुलाई को क्षेत्र की 319 किसानो ने कृषि उपज मंडी में लगभग 4000 क्विंटल उड़द 4100 से 6000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से विक्रय करने मजबूर रहे वहीं मुंग का भाव 5200 से 6200 प्रति क्विंटल रहा।

**फैक्ट फाइल**

1- उपार्जन समय सीमा 15 जून से 15 सितंबर

2- जिले में कुल उपार्जन केंद्र -19

3- उड़द मूंग का कुल रकबा -80468.9 हैक्ट.

4- जिले के कुल पंजीकृत किसानों की संख्या-31096

# पत्रकार और उसकी माँ पर हुआ हमला



**गोटेगांव।** नगर के समीपी ग्राम बेलखेडी (शेढ)में पत्रकार राजकुमार दुबे और उनकी माँ पर हमला हुआ। विगत दिवस किये गए हमले की बजह उनकी माँ के द्वारा स्वयं के आम के लगे वृक्ष से फल तोडना बताया गया है इस मामले में राजकुमार दुबे ने पुलिस थाना ठेमी में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।कराई है साथ ही पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को जांच करने व सम्बन्धितों के खिलाफ मामला कायम कर कार्यवाही की मांग की है।जब पत्रकार ही सुरक्षित नही है प्रदेश में तो शासन प्रशासन को खबर कौन बताएगा यह भी एक सवालिया प्रश्न लोगों के मन मे कौंध रहा है।फिलहाल लोगों की निगाहें अब पुलिस प्रशासन पर लगीं हैं कि फरियादी को कब न्याय मिल पायेगा।

# गोटेगांव थाना में हुई शांति समिति की बैठक



नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव पुलिस थाना प्रांगण में विगत सोमवार को आगामी त्यौहारों जैसे बकरीद और आने वाले श्रावण महीने के त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में कोरोना गाइड लाइन के नियमानुसार आगामी त्यौहारों को मनाने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। त्यौहारों के समय नगर की साफ सफाई और पेयजल व्यवस्था पर भी फोकस किया गया।साथ ही सभी लोगों ने अपनी अपनी राय व्यक्त की।शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से तहसीलदार पंकज मिश्रा,अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुरुषोत्तम मरावी,जनपद पंचायत गोटेगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजू भारती,नगर निरीक्षक पंकज मिश्रा,नगर पालिका से प्रभारी सौहार्द मात्रे सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवम पत्रकार मौजूद रहे।

# रेलवे में कोरोना सहित अन्य प्रकरणों के 46 कर्मचारियों को अंतिम भुगतान मिला

**जबलपुर यश भारत।** कोरोना की दूसरी लहर ( अप्रेल एवं मई माह ) में जबलपुर मंडल के लगभग 30 कर्मचारी इसके संक्रमण की चपेट में आकर इलाज के दौरान बचाए नहीं जा सके थे . रेलवे के इन कर्मचारियों के परिवार वालो के प्रति मंडल रेल प्रशासन ने सहानुभूति पूर्वक त्वरित कार्यवाही करते हुए इनके वित्तीय प्रकरणों एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को मात्र तीन माह के समय में निपटने के लिए विशेष कार्यवाही की है. मंडल द्वारा जुलाई माह में कोरोना मृत्यु सहित संरक्षा कोटि एवं अन्य सेवानिवृत के कुल 46 प्रकरणों में कर्मचारियों के सभी भुगतान का निपटारा तीव्र गति से उनके परिजनों को कर दिया है.। मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास के मार्गदर्शन एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता के निर्देशन में यह कार्य वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश एवं वरि.मंडल वित्त प्रबंधक अभिराम खरे द्वारा किया गया।

**इनका रहा सराहनीय सहयोग** उक्त प्रकरणों के निपटान में सहायक कार्मिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता एवं सहायक वित्त प्रबंधक एस.एस. तोमर सहित कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा/

# राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी प्रतियोगितायों का आयोजन 3व 4 अगस्त को

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु इस वर्ष भी अखिल रेल हिंदी निबंध,हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन तथा हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 03 एवं 04 अगस्त को किया गया है. इस सम्बन्ध में मंडल के राजभाषा अधिकारी राज रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रथम दौर की प्रतियोगिता के विजेता दिव्तीय दौर की मुख्यालय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किये जा सकेगे, तदुपरांत राष्टीय स्तर की तीसरे दौर की प्रतियोगिता होगी. उन्होंने बताया कि 03 अगस्त को शाम 16 बजे से कोरोना महामारी एवं भारतीय अर्थ व्यवस्था विषय पर निबंध प्रतियोगिता होगी तथा दूसरे दिन आत्म निर्भर भारत में भारतीय रेल की भूमिका पर वाक् प्रतियोगिता 04 अगस्त को आयोजित है। इस प्रतियोगिता मेंजबलपुर मंडल में कार्यरत सभी रेल कर्मचारी तथा कनिष्ठ प्रशासनिक स्तर के अधिकारी भाग ले सकेगे/

# वर्चुअल बैठक आयोजित

**शहडोल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में व भाजपा जिला अध्यक्ष अमर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में वर्चुअल बैठक ग्राम पंचायत करकी भाजपा मण्डल करकी मे गत दिवस कोविड से निपटने हेतु वर्चुअल मीटिंग रखी गई थी जिसमे जिले से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतिका तिवारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव व मती ममता पयासी और मण्डल से मण्डल अध्यक्ष राजेश दुवेदी मण्डल महामंत्री विवेक तिवारी, रामसुनील पनिका अजीत चतुर्वेदी शैलेन्द्र जी अजीत जी और बहुत सी कार्यकर्ताओ कि उपस्थित रही।

# पंचायत के भ्रष्टाचार की कहानी पहुँची कलेक्टर तक क्या होगी कार्यवाही?

**सरपंच-सचिव की जुगल जोडी से परेशान पंच और ग्रामवासी हटाने की हुई मांग**

**अनूपपुर।** जैतहरी जनपद क्षेत्र जैतहरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत मौहरी के लोगों ने सरपंच पर विभिन्न प्रकार से भृष्टाचार एवं शासकीय राशियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुये जिला कलेक्टर अनूपपुर से लिखित शिकायत कर सरपंच को कार्यमुक्त कर भृष्टाचार कि जांच कराये जाने का मांग किया गया है। शिकायती आवेदन में उल्लेख किया गया है। कि ग्राम प्रधान रामबाई बैगा और सचिव मिलकर पंचायत के अन्य सदस्यों को विश्वास में ना लेकर मनमाने तरीके से शासकीय राशियों का दुरूपयोग किया जा रहा है। वहीं पंचायत रजिस्टर में सभी सदस्यों से हस्ताक्षर कराये बिना ही निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन कराकर फर्जी तरीके से राशियों का आहरण किया गया है। सहित शिकायती पत्र में विभिन्न प्रकार से आरोप लगाते हुऐ लोगों ने जिला कलेक्टर अनूपपुर से ग्राम प्रधान रामबाई बैगा को कार्यमुक्त कर भृष्टाचार कि जांच कराये जाने का मांग किया गया है।

### ये हुई शिकायत

ग्राम पंचायत में शासकीय नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से ग्राम पंचायत के अन्य सदस्यों को विश्वास में न लेकर छलपूर्वक विधि विरुद्ध तरीके से ग्राम पंचायत की संचालन प्रस्ताव व ग्राम पंचायत के संचालन प्रस्ताव व ग्राम सभा के अनुमति के बिना शासकीय राशि का दुरुपयोग मनमाने तरीके से कर है ग्राम प्रधान के द्वारा प्रस्ताव रजिस्टर में सभी सदस्यों का हस्ताक्षर कराने बिना निर्माण कार्य विधि विरुद्ध तरीके से प्राक्कलन के विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्य कराकर फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है वा? न. 09, 10 में बने आर0सी0सी0 रोड का निर्माण एवं वार्ड क्रम-03, 05, 08 में आरसीसी रोड का निर्माण गुणवत्ता विहीन होने से समय सीमा से पूर्व उखड़ गया है निरीक्षण में देखा जा सकता है। ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा विगत 05 वर्षो से व्यापक रूप से भ्रष्टाचार कर शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया हैं जो पूरी तरह दिख रहा हैं। चेक डैम निर्माण को प्राक्कलन के निर्माण कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। माननीय मंत्री बिसाहू लाल सिंह के द्वारा विधायक निधि से तीन नग चेक डैम निर्माण क्रमशः 15 लाख रुपये एवं 7.50 लाख रूपये 7.50 लाख की लागत से कुल 30 लाख रूपये का चेक डैम स्वीकृत हुआ। जिसका निर्माण ग्राम पंचायत करवा रहा हैं। ग्राम प्रधान, सचिव एवं उपयंत्री द्वारा उक्त निर्माण कार्य अत्यंत पटिया एवं गुणवत्ता विहीन तरीके जा रहा है। मानक सामग्री के प्रयोग अपने तरीके से तीन सूत के सरिया से कराया जा रहा है। सीमेन्ट की मात्रा कम डाली की जा रही है। पुल में रेत ही रेत नजर आ रहा है ग्राम पंचायत में दो नग चेक डैम भारी कमीशन में स्वेच्छा पूर्वक कमीशन लेकर ठेके में दे दिया गया है जिसे ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य कर रहा है।

# आईजी-कप्तान ने बैच लगाकर महेन्द्र सिंह को किया पदोन्नत

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान को डीएसपी बनाए जाने पर केक काटकर बधाई दी गई और बैच लगाया गया डीएसपी का तमगा लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जी जनार्दन, पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी उपस्थित रहे, महेंद्र सिंह चौहान 2018 में जबलपुर से ट्रांसफर होकर बुढार थाना प्रभारी की कमान संभालते हुए लगभग 3 वर्ष तक बने रहे और इन 3 वर्षो में गांजा, हत्या का खुलासा, सट्टा, जुआ, सूदखोरी आदि के कई बड़े मामलों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए पूरे क्षेत्र को शांत एरिया में बदल कर रख दिया था।श्री चौहान ने अपराधों को लगाम लगाने के साथ-साथ कोविड-19 लॉकडाउन के समय पदयात्रा कर घर पहुंचने वाले हजारों लोगों को उनके गृह ग्राम तक छुड़वाने का भी काम बखूबी करते रहे और 24 घंटा कर्तव्य निभाते हुए क्षेत्रीय लोगों के बीच जाकर बेसहारा गरीब लोगों को भोजन भी उपलब्ध कराते रहे हैं, निश्चित रूप से जिले के लिए एक बहुत ही सम्मान की बात है और अपने कर्तव्य को निभाने के एवज में आज इंदौर के डीएसपी बनाए गए हैं, इसके लिए पूरे क्षेत्र के अनेक समाजसेवी संस्थाओं ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# बम्हनौंदा रोड शमशान घाट की कार सेवकों द्वारा की गई सफाई



**पनागर/बम्हनोदा** रोड गुरु नानक वार्ड के समीप शमशान घाट स्थल पर बहुत सारी झाड़ियों से भरा पड़ा था,जो देखने पर डरावना लगता था और ऐसी स्थिति में अंतिम संस्कार पर शामिल होने वाले लोगों को जीव जंतुओं का काफी डर सताता रहता था,शमशान हो या कब्रस्तान हर इन्सान की आखिरी मंजिल होती है, ऐसी जगह में साफ़ सफाई रहना बहुत ही जरूरी है इसी स्थिति को देखते हुए कार सेवकों ने सफाई का वीणा उठाया जिसमें सर्वेश मिश्रा,अनुराग मिश्रा, सुरेश दुबे,के.के.कुशवाहा,मोहम्मद अहमद,अब्दुल रईस,दुर्गेश बर्मन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# चेक डैम निर्माण को मिली हरी झंडी, खबरों पर लगी लगाम

**निर्माणाधीन चेक डैम की बाजू की मिट्टी का हुआ था कटाव, स्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षा**

**अनूपपुर।** अनूपपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी में इन दिनों चेक डैम में गुणवत्ता विहीन निर्माण एवं नव निर्माण डैम बह जाने की खबर सुर्खियों में चल रही थी। जिसको संज्ञान लेते हुए अनूपपुर जनपद के सीईओ ने जांच कमेटी बैठा कर चेक डैम की जांच करवाई। जांच कमेटी में एसडीओ एम के एक्का, मनरेगा सहायक यंत्री आर्या ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी जाकर चेक डैम निर्माण की जांच की गई। चेक डैम निर्माण स्थल में पहुचे। जहा अखबारों में छप रही खबरों को संज्ञान एवं शिकायतकर्ता की शिकायत को मुख्य बिंदु के आधार पर जांच किए गए। जहां चेक डैम की गुणवत्ता और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को बिंदुवार देखा गया। एसडीओ तथा एक उपयंत्री ने शिकायतकर्ता के समक्ष जांच की कार्रवाई पूरी की,जहां जांच में पाया गया कि चेक डैम निर्माणाधीन था चेक डैम के स्ट्रक्चर के बाजू में मिट्टी का भराव निर्माणाधीन होने के कारण नहीं हो पाया था । जिससे आसपास की मिट्टी साइड में इकट्ठी हो गई थी । जिससे ग्रामीणों को भ्राम उत्पन्न हो गया था। वही चेक डैम का स्ट्रक्चर पूरी तरह गुणवत्ता युक्त बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता भी जांच समिति की जांच से संतुष्ट नजर आया और चेक डैम की बह जाने की खबर पर जांच कमेटी के जांच के बाद भ्रामक खबरों पर विराम लग गया और चेक डैम को हरी झंडी मिल गई । चेक डैम को गुणवत्ता युक्त पाया गया। एसडीओ एमके एक्का ने बताया कि जांच में पाया गया है कि किसी भी तरह का चेक डैम नहीं बहा है ना ही किसी भी तरह का नुकसान चेक डैम के स्ट्रक्चर को हुआ है।

### कार्य संरचना के अनुरूप बना चेक डैम

ब्रह्म खबरों का खंडन करते हुए ग्राम पंचायत बेलिया के सरपंच ने कहा कि निर्माणाधीन स्थल पर आकर अन्य अधिकारी कर्मचारी और पत्रकार भी जांच कर सकते हैं की ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा बनवाया गया चेक डैम का स्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त है। निर्माणाधीन चेक डैम के बह जाने की खबर पूरी तरह भ्रामक है । निर्माण के समय आसपास के मिट्टी के कटाव होने के कारण वहां की मिट्टी चेक डैम के आसपास बह गई थी जैसा ही निर्माण पूरा हुआ स्ट्रक्चर के आसपास की कटा हुई मिट्टी को भर दिया गया है और चेक डैम पूरी तरह गुणवत्ता युक्त एवं सुरक्षित है। वहीं सरपंच ने अपील की किसी भी तरह की भ्रामक खबरें चेक डैम की गुणवत्ता वा उसके बह जाने की फेक खबरों से लोगों को बचना चाहिए। ग्राम पंचायत द्वारा जनहित एवं समाज हित में कार्य किया जा रहा है जिसमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार संरचना के अनुरूप ही चेक डैम का निर्माण ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा करवाया गया है

# छोटू सिलेंडर का विमोचन



**पनागर।** इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एस एस डी पेट्रोलियम पर 5 केजी एफटीएल छोटू सिलेंडर का विमोचन डिविजनल रिटेल सेल्स हेड सुमित मुंशी एवम डिविजनल एलपीजी सेल्स हेड राजेश जोहरी द्वारा किया गया ।

श्री जोहरी ने बताया की इसको लेने के लिए किसी भी एड्रेस प्रूफ की जरूरत नहीं होती है सिर्फ आईडी प्रूफ लाए और 5 केजी FTL छोटू सिलेंडर ले जाए।

# ईद पर्व को लेकर हुई बैठक



**कुंडम ।** बैरागी में कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बैरागी में आज कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव थाना प्रभारी प्रताप मरकाम द्वारा 21 तारीख को ईदगाह पर्व को लेकर समस्त बैरागी के मुसलमान भाइयों की एक बैठक ली गई जिसमें सभी को बताया गया की ईदगाह के दिन 5 लोग ही अपनी नवाज पढ़ने जाएंगे एवं बाकी लोग अपने अपने घरों में उत्साह के साथ मनाएंगे और शासन की कोविड-19 गाइडलाइन का पूरा पालन करेंगे इस बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच मोईन बैग हमीद भाई जान बंटी भाई जान जावेद खान तोहित भाई जान शेख रफीक खान सलीम नहीम डब्लू भाई जान एवं समस्त बैरागी के मुसलमान भाई उपस्थित थे।

# अपोलो हॉस्पिटल्सए इंदौर ने शुरू किया मध्य भारत का पहला रोबोटिक असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट प्रोग्राम

**इंदौर।**अपोलो हॉस्पिटल्सए इंदौर ने मध्य भारत की पहली पूर्ण रूप से रोबोट की मदद से काम करने वाली जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी यूनिट शुरू की हैए यह इस क्षेत्र के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के इतिहास में एक एक ब?ी उपलब्धि है। इस यूनिट में जोड़ों की जटिल बीमारियों वाले रोगियों को रोबोटिक असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा दी जाएगी। रोबोट.असिस्टेड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी यूनिट उन्नत बहुमुखी नैविओ रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम और एक समर्पित टीम से लैस हैए जिसका नेतृत्व सीनियर कंसल्टेंटए डिपार्टमेंट ऑफ आर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी यूनिट के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉण् सुनील राजन करेंगे। रोबोटिक सिस्टम में एक उन्नत कंप्यूटेड प्रोग्राम है जो 3डी मैपिंग के साथ घुटने के बारे में सटीक जानकारी देता है। टेक्नोलॉजी के प्रयोग के कारण कम दर्दए कम रक्तस्रावए हड्डी तराशने में सटीकता और इम्प्लांट का ज्यादा अच्छी तरीके से पोजीशन और अलाइनमेंट हो पाता है। इसकी वजह से घुटने और कूल्हे रिप्लेसमेंट के बाद सामान्य घुटने और कूल्हे की तरह काम करने लगते हैं फिर वह चाहे पार्शियल रिप्लेसमेंट हो या फिर टोटल।अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के प्रेसिडेंट डॉण् हरिप्रसाद ने कहाए श्ऑस्टियोआर्थराइटिस भारत में एक बढ़ती स्वास्थ्य चिंता हैए जिसकी प्रसार दर 22 से 39 फीसदी के बीच है। ऐसे रोगियों में दर्द और चलने में होने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ही समाधान है। हमारा विजन हमेशा से अपने मरीजों को लाभ पहुंचाने के लिए भारत में सबसे उन्नत चिकित्सा तकनीक लाने का रहा है। अपोलो इंदौर देश का पहला केंद्र था जिसने डे केयर में घुटने और कूल्हे दोनों के जोड़ को बदला और इस पथ पर आगे बढ़ते हुए अब रोबोटिक्स का लाभ मिलने जा रहा है। हमें खुशी है कि यह इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला है और रोगी को इस तकनीक से अत्यधिक लाभ होगा।अपोलो हॉस्पिटलए इंदौर के सीनियर कंसल्टेंट और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट प्रोग्राम के हेड डॉण् सुनील राजन ने बताया कि श्नैविओ सर्जिकल सिस्टम अत्यधिक विश्वसनीय है और दुनिया भर में प्रमुख जॉइंट रिप्लेसमेंट सेंटर द्वारा उपयोग किया जाता है। रोबोटिक प्रणाली को यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि कृत्रिम घुटने को मिलीमीटर एक्यूरेसी के साथ स्थापित किया जा सकें। यह प्रणाली सर्जन को 100ः सटीकता के साथ प्रत्यारोपण करने में सक्षम बनाती है। सबसे बड़ा फ़ायदा यह है कि इसमें हड्डी नहीं काटना प?ती है। रोबोटिक हाथ स्वचालित रूप से सही मात्रा को हटा देता हैए जैसे डायमंड पॉलिशिंग की जाती है। रोबोटिक्स यह भी सुनिश्चित करता है कि इस प्रक्रिया के दौरान कम से कम मात्रा में लिगामेंट रिलीज होए जिससे की पेशेंट के कृत्रिम घुटने भी ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक घुटने की तरह ही काम कर सकें। डॉण् राजन ने बताया किए हमारा रोबोटिक कार्यक्रम वेरिलास्ट तकनीक के साथ आएगा। वेरिलास्ट एक सफ्ल नी इम्प्लांट इनोवेशन है जो 30 वर्षों तक परीक्षण की गई एकमात्र नी इम्प्लांट लैब होने के कारण सुरक्षा और विश्वसनीयता के लाभों के साथ आता है। वेरिलास्ट और रोबोटिक्स की सटीकता का ये मेल हमारे रोगियों की रिकवरी और जीवन की गुणवत्ता में काफी वृद्धि करेगा।



# मानसून की बेरुखी से फसलों पर संकट, किसानों की बढी चिंता

**बघराजी।** मानसून की बेरुखी से खरीफ फसलों पर संकट के बादल गहराते जा रहे हैं आलम यह है कि आषाढ़ मास खत्म होने को हैं और अब तक आषाढ़ मैं बारिश के तेवर नहीं दिखे रहे हैं बल्कि तेज धूप के चलते उमस भरी गर्मी से लोग तो परेशान हो रहे हैं। वही किसानों का मानसून की बेरुखी से बुरा हाल है खासकर यह छोटे किसान जो सिर्फ बारिश पर ही आश्रित होकर अपनी फसल उगाते हैं सबसे ज्यादा मार उन्हें पड़ रही है जिन किसानों के पास नलकूप, कुआं जैसे सिंचाई के साधन नहीं है उनके धान के रोपा सूख रहे हैं।इसके बाद भी उन्हें खेतों में रोपाई के लिए बारिश की जरूरत है क्योंकि खेतों में रोपाई के लिए बारिश की जरूरत है क्योंकि खेतों में ज्यादा पानी चाहिए जहां पानी की कमी है सिंचाई के साधन हैं वहां ना तो रोपा लगे और जो लगे है वहां अब पीले पड़ने लगी है। जानकारों की माने तो बारिश होने में विलंब हुआ तो विशेषकर धान की फसल में किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है किसान सेवा संगठन संचालन के समिति सदस्यों ने बताया कि बारिश नहीं होने की वजह किसानों के बहुत बुरे हाल हैं कई क्षेत्रों में किसान धान की रोपाई बारिश के इंतजार में नहीं कर पा रहे हैं आमतौर पर आषाढ़ माह में बारिश अच्छी होती है जिससे किसानों को रोपाई आसानी से हो जाती है।

# भारत का पहला कस्टमाइज़्ड आयुर्वेदिक लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड

**हैदराबाद।** भारत का पहला कस्टमाइज़्ड मॉडर्न आयुर्वेदिक लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांडए वैदिक्सए इंडिया के सभी प्रमुख रीजनल बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। ब्रांड अपनी दोहरी मार्केटिंग स्ट्रैटिजी के द्वारा रीजनल और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में एक साथ पक? मजबूत करने की तैयारी में है। हैदराबाद स्थित एक कस्टमाइज्ड आयुर्वेद ब्यूटी टेक स्टार्टअपए वैदिक्सए हाइपर कस्टमाइज्ड हेयर और स्किन केयर रिजीम डिजाइन कर रहा हैए ताकि एआइ ;।स्द्ध और आयुर्वेद दोनों की विशेषताओं का हमारी स्किन और हेयर की समस्याओं में भरपूर फायदा मिल सकें। टेक ब्यूटी ब्रांड हैदराबाद के सबसे बड़े कंज्यूमर टेक स्टार्टअप्स में से एक होने के साथ.साथ 3 वर्षों के भीतर ही अपनी कैटेगरी में अग्रणी हो गया है। इंकनट के सीईओ और को.फाउन्डर चैतन्य नल्लन ने कहाए श्हम एक ऐसे ब्रांड के रूप में बढना चाहते हैं जहां आयुर्वेद को आधारशीला बनाकर हम साइंटिफिक और ब्यूटी के सभी क्षेत्रों में कुछ नया करके एक बेहतरीन केयर लोगों तक पहुंचा सकें। हमने अपने कस्टमर्स को हाइपर.पर्सनल देखभाल देने के लिए एक मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई है जो कि 30.000 घंटे से ज्यादा के इन्टेन्सिव रिसर्चए विशेषज्ञों के सहयोग तथा आयुर्वेदए हर्बल अर्क और एसेंशियल ऑइल्स से जुडी ऐतिहासिक साक्ष्यों पर आधारित है, जहां मॉडर्न टेक्नोलॉजी को अपनाया गया है और ऑर्गेनिक इंग्रेडिएंट्स भी प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। इंकनट डिजिटल वैदिक्स् ब्रांड का ग्रुप होल्डिंग्स है।



## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

वैसे तो महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को लेकर ताउम्र सजग रहना चाहिए। लेकिन विशेष रूप से उन्हें अपने जीवन के तीन स्टेज, पीरियड्स की शुरुआत, प्रेगनेंसी और मेनोपॉज के समय खुद पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान यहां दी जा रही सलाहों पर गौर किया जा सकता है।

# वूमेंस लाइफ के थ्री स्टेज हेल्थ को लेकर रहें अलर्ट

मेडिकल सजेशन

डॉ. निकिता त्रेहन, लैप्रोस्कोपी गायनी सर्जन, सनराइज हॉस्पिटल, नई दिल्ली



मासिक चक्र शुरू होने से लेकर मेनोपॉज तक महिलाओं का शरीर कई बदलावों से गुजरता है। हर महिला के जीवन में तीन पड़ाव सबसे अहम होते हैं। सबसे पहला जब मासिक चक्र शुरू होता है, फिर जब वह मां बनती है और सबसे आखिरी जब प्रजनन काल खत्म होता है और मासिक चक्र बंद हो जाता है। महिलाओं को इन तीनों पड़ावों में अपने स्वास्थ्य को लेकर बहुत सजग रहना चाहिए।

## मासिक चक्र

मासिक चक्र यानी पीरियड्स की शुरुआत हर लड़की में 12-16 साल की उम्र के बीच होती है। इसका अंतराल 21 दिन से 35 दिन का हो सकता है। फीमेल सेक्स हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्ट्रॉन पीरियड्स को कंट्रोल करते हैं। ज्यादातर महिलाओं को पांच-छह दिन के पीरियड्स के दौरान कोई समस्या नहीं होती है।

**जब हो कोई समस्या :** कई बार हार्मोन डिस्बैलेंस, स्ट्रेस, प्रेग्नेंसी, मिसकैरिज, हाइपोथायरॉइडिज्म या हाइपरथायरॉइडिज्म, फाइब्रॉयड बनने, डाइटिंग या ज्यादा एक्सरसाइज करने, पोलीसिस्ट ओवरी सिंड्रोम की वजह से पीरियड्स के साइकल में समस्या आती है।

**तब करें डॉक्टर से कॉन्टेक्ट:** अगर पीरियड्स 90 दिन से ज्यादा समय के लिए बंद हो जाएं और आप गर्भवती नहीं हैं तो डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इसके अलावा सात दिनों से ज्यादा समय तक ब्लीडिंग होती हो या ज्यादा ब्लीडिंग हो, पीरियड्स का गैप 21 दिन से कम या 35 दिन से ज्यादा हो जाए। पीरियड्स के दौरान ज्यादा दर्द हो तो इन समस्याओं को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। असल में ज्यादा पीरियड्स होने से आयरन की कमी हो जाती है इससे एनीमिया, थकान, त्वचा में पीलापन आ जाता है। ऊर्जा की कमी और सांस फूलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



## गर्भावस्था

मां बनने की अवधि को स्त्री जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय माना जाता है। लेकिन शिशु को अपने शरीर में आकार देकर जन्म देना कोई सरल प्रक्रिया नहीं होती है। इस दौरान हर महिला को कई शारीरिक बदलावों से गुजरना पड़ता है। इस दौरान खान-पान का सबसे अधिक ख्याल रखना चाहिए। मां बनने वाली महिला को आमतौर पर 300 एक्सट्रा कैलोरी की जरूरत होती है। इस दौरान ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दूध गर्भवती महिला को लेने चाहिए। अगर आप मांसाहारी हैं तो प्रेग्नेंसी के दौरान मछली और अंडे का सेवन जरूर करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को आराम और अच्छी नींद की भी जरूरत होती है। उन्हें रात में कम से कम आठ घंटे और दिन में दो घंटे सोना चाहिए।

## इन बातों को भी करें फॉलो

- अपने डॉक्टर की सलाह पर गर्भवती महिला को हर दिन 30 से 60 मिलीग्राम आयरन जरूर लेना चाहिए। विटामिन बी 6 का सेवन भी करना चाहिए, इससे मॉर्निंग सिकनेस दूर होती है।
- चाय और कॉफी का कम से कम सेवन करना चाहिए।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को रोजाना कम से कम 1,300 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है।
- सबसे जरूरी बात स्त्रीरोग विशेषज्ञ की सलाह के बिना कोई दवाई नहीं लेनी चाहिए। इससे बच्चे और मां को नुकसान पहुंच सकता है।

## मेनोपॉज

मेनोपॉज किसी महिला के जीवन का वह समय है, जब उसके पीरियड्स बंद हो जाते हैं। यह उसके प्रजनन क्षमता के खत्म होने का संकेत होता है। सामान्य तौर पर 45-55 साल की उम्र में यह अवस्था आती है। इससे एस्ट्रोजन और प्रोजेस्ट्रॉन का बनना भी लगभग बंद हो जाता है।

**मेनोपॉज का सामान्य असर :** इस दौरान महिलाओं में हॉट फ्लेशैस, रात में ज्यादा पसीना आना, पसीने और गर्मी के कारण सोने में समस्या आना, मूड बदलना जैसी समस्याएं होती हैं।

**लंबे समय तक रहने वाला असर :** मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन हार्मोन में होने वाली कमी का असर शरीर के हर सिस्टम पर पड़ता है। जैसे ऑस्टियोपोरोसिस और कोरोनरी हार्ट डिसीजेज का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अल्जाइमर्स का खतरा बढ़ जाता है। स्किन का लचीलापन खत्म होने से झुर्रियां पड़ती हैं। कई महिलाओं की नजर कमजोर हो जाती है। कुछ का वजन ज्यादा बढ़ जाता है। किसी को यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। सिरदर्द, दिल की धड़कन तेज हो जाना, चेहरे पर बाल उग आना जैसी समस्या भी होती हैं।

**मेनोपॉज इफेक्ट से बचाव के उपाय :** मेनोपॉज के बाद महिलाएं बैलेंस्ड डाइट लें। जिसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा और वसा की मात्रा कम हो। साथ ही रोजाना एक गिलास दूध पिएं इसमें 300 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। कैफीन, चीनी, नमक का सेवन कम करें। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, रोज एक्सरसाइज करें या पैदल घूमें। a

प्रस्तुति : शमीम खान

---

जीवन में सफल होने की चाहत सभी रखते हैं। लेकिन सिर्फ सोचने से मनचाहा मुकाम हासिल नहीं किया जा सकता। हालांकि यह कोई मुश्किल काम नहीं है, लेकिन इसके लिए आपको कुछ बातों की अहमियत समझते हुए खुद को मोटिवेट करना होगा।

# अगर आप चाहती हैं सब कुछ हासिल हो मनचाहा

सेल्फ मोटिवेशन

शिखर चंद जैन

हर शख्स की ख्वाहिश होती है कि उसकी जिंदगी खूबसूरत हो, उसकी जो तमन्नाएं हैं, वे पूरी हों और मनचाही सफलता भी मिले। आपका भी ऐसा ही कुछ सपना होगा। अगर आपको अपनी जिंदगी को बेहतर बनाना है, मनचाहा मुकाम हासिल करना है तो कुछ बातों पर अमल करना होगा।

**खुद पर करें भरोसा :** इस बात में संदेह नहीं, जब आप खुद पर भरोसा रखते हैं, पॉजिटिव सोचते हैं तो सब कुछ पाना आसान हो जाता है। अमेरिकी मोटिवेशनल स्पीकर गैब्रियल बर्नस्टीन ने अपनी बुक 'सुपर अट्रैक्टर' में लिखा है-खुद को सुपर अट्रैक्टर, पॉजिटिव मानने पर आपको अपना बुरा अतीत भूलने और भविष्य की अनहोनी से भयमुक्त रहने की ताकत मिलती है। इस विश्वास से आपको ऊर्जा, आनंद और खुशहाली का स्रोत मिल जाता है।



हालांकि कुछ लोग खुद को कम करके आंकते हैं और अच्छी जिंदगी या अच्छी चीजों के काबिल खुद को नहीं समझते हैं। यह बिल्कुल गलत नजरिया है। आप हर उस चीज को हासिल करने के काबिल हैं, जो एक सफल इंसान के पास होनी चाहिए।

**आपका अधिकार है खुश रहना :** जब आप अपने सपनों पर और खुद पर यकीन करने लगती हैं तो आपके लिए कामयाबी के दरवाजे खुद-ब-खुद खुल जाते हैं। इससे खुशहाल रहना आसान हो जाता है। ऐसे एटीट्यूड के साथ जीने से आपका मन भी एक्टिव, एनर्जेटिक रहता है। इससे सही समय पर सही डिसीजन लेने में आसानी होती है। 'मुझे खुश रहने का अधिकार है' या 'मैं सफल होना डिजर्व करती हूं' जैसी बातों को हमेशा याद रखना चाहिए। इससे सेल्फ मोटिवेशन मिलता है।

**छोटे प्रयास भी होते हैं महत्वपूर्ण :** कभी कोई लक्ष्य एकदम से हासिल नहीं होता है। इसके लिए छोटी-छोटी कोशिशें, प्रयास करने होते हैं। अमेरिका की फेमस लाइफकोच पेरी पकरु कहती हैं, 'हमेशा बड़े सपने देखिए और उन्हें हासिल करने के लिए छोटे-छोटे कदम रेग्युलर उठाइए। बड़े लक्ष्य हासिल करने में वक्त लगता है। कई बार जब मैं निर्णय नहीं ले पाती कि क्या करना चाहिए तो उस दिन मैं वे काम करती हूं, जो मेरे सपनों को साकार करने में मददगार हो सकते हैं।' पेरी के कहने का अर्थ यही है कि बड़े सपने को साकार करने के लिए छोटे प्रयास भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए अपने हर प्रयास को गंभीरता से करें।



**अपनी फीलिंग्स समझिए :** बिना खुद को जाने, अपनी फीलिंग्स को समझे, आप जिंदगी में कुछ भी मनचाहा हासिल नहीं कर सकती हैं। बेस्टसेलर बुक '60 वेज टू मेक योर लाइफ अमेजिंग' की राइटर, साइकोथैरेपिस्ट, लाइफकोच लिंडा फील्ड के अनुसार, 'आपको हमेशा अपनी फीलिंग्स को समझना चाहिए। इसके लिए आप मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं या फिर नेचर के करीब जा सकते हैं। पॉजिटिविटी, भरपूर एनर्जी के लिए हमेशा कॉन्शस रहना जरूरी है। प्रॉब्लम की बजाय सॉल्यूशन पर फोकस करना चाहिए। आप अपनी जिंदगी को अपने सपनों के हिसाब से ढालना चाहती हैं तो आपको जानना होगा कि आपको सफलता और खुशहाली किन चीजों से मिलेगी और उनके साथ आपकी जिंदगी कैसी लगेगी?' यानी खुद की फीलिंग्स को समझकर ही आप वास्तविक सफलता और खुशी पा सकती हैं।

**विचारों को दें अहमियत :** बेहतर जीवन के लिए अपने विचारों की कद्र करना भी आपको आना चाहिए। इन्हें बेकार न जाने दें। अच्छे विचार आपके दिमाग में कभी भी क्लिक कर सकते हैं, किसी से बातचीत करते समय, कोई समाचार या लेख पढ़ते समय, गाना सुनते समय, रास्ते में टहलते या बस-ट्रेन में सफर करते समय, टीवी या फिल्म देखते समय या फिर सोते समय। ऐसे में किसी भी अच्छे, यूजफुल थॉट को अपनी नोटबुक या पॉकेट डायरी में नोट कर लें। इनके जरिए भी आपको मनचाहा मुकाम हासिल करने में मदद मिलेगी। दुनिया में कई ऐसे महान लोग हुए हैं, जिनके एक विचार ने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। इसलिए सकारात्मक विचारों को संजोकर रखना सीखें।

**बने रहें एनर्जेटिक :** आप जितनी ज्यादा एनर्जेटिक रहेंगी, उतनी ही आसानी से अपनी चाहतों को, मनचाहे मुकाम को पा लेंगी। 'द स्टिलनेस प्रोजेक्ट' के संस्थापक, ऑस्ट्रेलिया के मेडिटेशन टीचर, लीडरशिप कोच, मोटिवेशनल राइटर टॉम क्रोनिन कहते हैं कि अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और हमेशा एनर्जेटिक बने रहें। उदासी और निराशा के पलों में आनंद और सफलता के क्षणों को याद करें। इससे आपको वापस काम में जुटने और अपनी रुकी हुई जर्नी को दोबारा शुरू करने का मोटिवेशन मिलेगा।

इन सभी बातों को इंपॉर्टेंस देकर ही आप वो सबकुछ जिंदगी में हासिल कर सकती हैं, जिसकी अपने लिए चाहत रखती हैं। a

### दुर्घटनाओं को गलत न समझें

**बुरी,** अनचाही घटनाएं या दुर्घटनाएं जिंदगी का हिस्सा होती हैं और ये कभी भी, किसी के साथ भी हो सकती हैं। इसलिए इनसे खुद को बहुत ज्यादा परेशान न करें। इन्हें झेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। इस बारे में लिंडा फील्ड सलाह देती हैं कि जब भी आप उदास, परेशान या चिंतित हों तब खुद को याद दिलाएं कि यह परेशानी स्थायी नहीं है। ऐसा करने से आपके लिए जिंदगी जीना सहज होगा। साथ ही इसे बेहतर बनाने की कोशिश में आप जुट जाएंगी। a

---

स्प्रिंग सीजन में आप अपना लुक पूरी तरह से चेंज करना चाहती हैं तो इसके लिए आपको अपने ड्रेसअप के साथ ही मेकअप में भी बदलाव करना होगा। जानिए, स्प्रिंग सीजन के अनुसार मेकअप करने के लिए कौन-से स्टेप्स फॉलो करने होंगे।

# मेकअप में नजर आए स्प्रिंग लुक

मेकअप

पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

जाती हुई सर्दियों के साथ वसंत ऋतु आने पर आप अपने वार्डरोब में तो बदलाव करती हैं, लेकिन मेकअप को नॉर्मल ही रखती हैं। जबकि परफेक्ट स्प्रिंग लुक के लिए आपको अपने ड्रेसअप, मेकअप दोनों पर ध्यान देने की जरूरत होती है। इस सीजन में आप मेकअप में कई तरह के एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इस कलरफुल सीजन में आप अपने मेकअप में भी कलरफुल लुक क्रिएट कर सकती हैं।

## करें क्लींजिंग-टोनिंग

मेकअप करने से पहले स्किन को क्लीन करना बहुत जरूरी है। आप सबसे पहले फेस, नेक को अच्छे से क्लीन करें। इसके लिए सोप फ्री, एल्कोहल फ्री क्लींजर का इस्तेमाल करें।



इसके बाद आप चेहरे को टोन करने के लिए अच्छे हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल करें। टोनिंग से स्किन का पीएच लेवल बैलेंस रहता है।

## बेस तैयार करें

स्किन को क्लीन करने के बाद चेहरे को मेकअप के लिए तैयार करना होता है। इसके लिए आप किसी अच्छे मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें। आप अपनी स्किन टाइप के अकॉर्डिंग मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद आप हाइड्रेटिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें। इससे बेस बनता है, स्किन मेकअप के लिए तैयार हो जाती है।

## फाउंडेशन-कंसीलिंग

बेस तैयार करने के बाद सबसे पहले फाउंडेशन लगाया जाता है। आप अपनी स्किन कलर को ध्यान में रखकर फाउंडेशन चूज करें। स्प्रिंग सीजन में ज्यादा हैवी मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इसलिए आप फाउंडेशन को लाइट ही रखें। अगर आपके फेस, नेक पर मुंहासों के निशान, डार्क सर्कल्स हैं तो आप फाउंडेशन के बाद कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। लेकिन अगर आपकी स्किन एकदम क्लीयर है तो आप कंसीलिंग को स्किप कर दें।



## ब्लश ऑन है जरूरी

आप चाहें तो लाइट कंटूरिंग भी कर सकती हैं। इससे फेस को एक परफेक्ट लुक मिल जाता है। इसके बाद आप ब्लश लगाएं। यह एक जरूरी स्टेप होता है। इसके लिए आप पिंक ब्लशर का इस्तेमाल कर सकती हैं। ज्यादा हैवी ब्लश ऑन करने से बचें।

## आई-लिप मेकअप

परफेक्ट आई मेकअप के लिए इसको सॉफ्ट टच दें। इस मौसम में ब्लैक स्मोकी आई शैडो की जगह कलरफुल आईशैडो का इस्तेमाल करें। आप पर्पल, लाइट ब्लू, सी ग्रीन कलर्स चूज करें। आप चाहें तो कलरफुल आईलाइनर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आंखों को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप नकली आईलैशेज भी लगाएं। चाहें तो आई मेकअप के लिए कलरफुल ग्लिटर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। लिप मेकअप को आप लाइट ही रखें। इसके लिए होंठों को पहले मॉयश्चराइज कर लें। न्यूड शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल करें। इससे आपको परफेक्ट स्प्रिंग लुक मिलेगा। a



प्रस्तुति : सहेली फीचर्स

---

एग्जाम टाइम में कुछ बच्चे बहुत स्ट्रेस में रहते हैं। वे एग्जाम फीयर का शिकार हो जाते हैं। इसका असर उनकी परफॉर्मेंस, रिजल्ट पर भी पड़ता है। लेकिन पैरेंट्स बच्चों को इस सिचुएशन से आसानी से दूर रख सकते हैं। इसके लिए उन्हें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

# तब बच्चों को नहीं होगा एग्जाम फीयर

एडवाइस

पूनम बर्त्वाल

आभा की बेटी स्नेहा के जैसे ही एग्जाम करीब आते हैं, तैयारी शुरू करती है, उसे बीच-बीच में सिरदर्द होने लगता है। कभी-कभी वह अपने दिल की धड़कनें तेज होती महसूस करती है। लेकिन जैसे ही स्नेहा के एग्जाम खत्म होते हैं, उसकी यह प्रॉब्लम खत्म हो जाती है। असल में यह एग्जाम फोबिया या फीयर के लक्षण हैं। कई बच्चों को इस तरह की समस्या होती है। दरअसल, वे एग्जाम का स्ट्रेस बहुत ज्यादा ले लेते हैं। ऐसे में जरूरी है, पैरेंट्स अपने बच्चों को एग्जाम फीयर से दूर रखें। इसके लिए कुछ बातों को अमल में लाएं, जो जरूरी हैं।

## प्रेशर क्रिएट न करें

बच्चों में पढ़ाई को लेकर प्रेशर, स्ट्रेस पहले से ही होता है। वे अपने दोस्तों के बीच, क्लास में खुद को कमतर साबित नहीं होने देना चाहते। इसलिए पढ़ाई में अच्छा परफॉर्म करने की हर मुमकिन कोशिश करते हैं। ऐसे में अगर पैरेंट्स भी उन पर बहुत अच्छा परफॉर्म करने, अच्छे नंबर लाने का प्रेशर डालते हैं तो वह स्ट्रेस फील करते हैं। एग्जाम टाइम पर तो पैरेंट्स को बार-बार अच्छे नंबर लाने वाली बात को दोहराना नहीं चाहिए। इसके बजाय बच्चे को प्यार से समझाएं कि वह अच्छे से पढ़ाई करे, टॉप आने का स्ट्रेस न ले। ऐसा होने पर बच्चा स्ट्रेस फ्री होकर पढ़ेगा और एग्जाम अच्छे से देगा। नंबर भी उसके अच्छे आएंगे।



## हर मुमकिन मदद दें

आजकल पैरेंट्स बहुत बिजी रहते हैं। इन दिनों तो कई पैरेंट्स वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। ऐसे में वे बच्चों की पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। जबकि एग्जाम टाइम पर बच्चों की पढ़ाई में हर मुमकिन मदद पैरेंट्स को करनी चाहिए। इससे बच्चे की प्रॉब्लम सॉल्व होती है, वह टेंशन से दूर रहता है। अगर पैरेंट्स समय नहीं दे पा रहे हैं तो पढ़ाई के लिए घर के दूसरे मेंबर्स को बच्चों की हेल्प करने के लिए कहें। इससे बच्चे को सपोर्ट मिलने की फीलिंग होगी, वह अच्छे से एग्जाम की तैयारी कर पाएगा।




## रेस्ट लेने को कहें

कुछ पैरेंट्स एग्जाम टाइम में बच्चों को लगातार या दिन-रात पढ़ने के लिए कहते रहते हैं। इससे बच्चे थक जाते हैं, चाहकर भी उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता है। ऐसे मे पैरेंट्स को चाहिए कि बच्चों को टाइम-टेबल के हिसाब से पढ़ने के लिए कहें। समय-समय पर रेस्ट लेने को भी कहें। रेस्ट लेने से बच्चे को मेंटली, फिजिकली एनर्जी वापस मिलती है। उसका स्ट्रेस भी कम हो जाता है। फिर वह दोबारा जोश के साथ पढ़ पाता है।

## ग्रुप स्टडी का अरेंजमेंट

बच्चे अकेले पढ़ते हैं तो स्ट्रेस फील करते हैं, उन्हें लगता है कि कोर्स रिवाइस नहीं कर पाएंगे। ऐसे में करीबी दोस्त काम आते हैं। पैरेंट्स को चाहिए कि वे बच्चे को ग्रुप स्टडी करने को कहें। बच्चा अपने दोस्त को घर पर बुलाए या वह अपने दोस्त के घर चला जाए, दोनों मिलकर पढ़ें। ग्रुप स्टडी में बच्चे ज्यादा अच्छे से पढ़ते हैं, क्योंकि वे एक-दूसरे की प्रॉब्लम को आसानी से सॉल्व कर देते हैं।

## एंटरटेनमेंट भी जरूरी

दिन भर अगर बच्चा पढ़ाई करेगा तो बोर हो जाएगा, उसे स्ट्रेस भी फील होगा। अगर वह थोड़ा टाइम अपने एंटरटेनमेंट के लिए भी निकाल लेगा तो फ्रेश फील करेगा। ऐसे में पैरेंट्स को चाहिए कि वे बच्चों को मनपसंद टीवी शो देखने दें। साथ ही पार्क में टहलने या खेलने के लिए कहें। इससे बच्चों को एग्जाम का स्ट्रेस फील नहीं होगा। उन्हें एग्जाम के दिन भी आम दिनों जैसे लगेंगे।

इन सभी बातों को फॉलो करके, बच्चों को आसानी से एग्जाम फीयर से दूर रखा जा सकता है। ऐसा होने पर ही वे अच्छा रिजल्ट भी लेकर आते हैं। a

# पड़ोसी ,मौसी सास के विवाद ने ले ली 2 जान

**जबलपुर, यशभारत। पड़ोसी और मौसी सास के विवाद पर डिंडोरी जिले के शहपुरा थाने अंतर्गत आने वाले शिवाजी चौक में दो जानें चली गई। दरअसल विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची गर्भवती महिला को लाठियों से पीटने से मौत हो गई वहीं उसके पेट में पल रहे बच्चा भी मृत हो गया। महिला को इलाज के लिए जबलपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया परंतु इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग को कायम कर आरोपी की तालाश शुरू कर दी है।**





## गर्भवती को मारी लाठी, इलाज के दौरान हो गई मौत

शिवाजी चौक कुशवाहा मोहल्ला में रहने वाले पुन्नू कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन पड़ोस में रहने वाले राजेंद्र कुशवाहा से कुछ कहा सुनी हो गई थी। जो बाद में विवाद करते हुए घर पहुंचा और मां और मौसी पर लाठियों से हमला कर दिया। सास और मौसी सास पर हमला होते देख पत्नी सीता बाई 27 साल पहुंची और राजेंद्र कुशवाहा को रोका लेकिन गुस्से में आग बबूला राजेंद्र ने उसकी पत्नी पर ही लाठियों से तबातोड़ हमला शुरू कर दिया। जिसकी वजह से पत्नी धरती पर बेहोश हो गिर गई। उसके सिर से खून निकलने लगा। घायल पत्नी को पहले शहपुरा के अस्पतालों में इलाज कराया परंतु वहां के डॉक्टरों ने गंभीर हालात को देखकर पत्नी को जबलपुर रिफर कर दिया। सोमवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई।

### आरोपी मोबाइल की दुकान है

मृतिका के पति ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी राजेंद्र कुशवाहा अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और वह मोबाइल दुकान चलाता है। आए दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर वह घर वालों से विवाद करता था। वह रोज सुबह दूध बांटने चला जाता है बीते दिन भी वह घर से दूध बांटने चला गया। इसका फायदा उठाकर आरोपी राजेंद्र ने मां और मौसी से विवाद किया और बीच-बचाव करने आई गर्भवती पत्नी पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।



## कैबिन में जाने के पहले एसपी ने सुनी व्यथा

# जीत लिया जनता का दिल

**बाहर बैठे लोगों की मौके पर ही निपटाई समस्याएं**

**जबलपुर, यश भारत।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार जनसुनवाई के दिन एक अलग ही नजारा देखने को मिला। दरअसल आज पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा कैबिन में जाने के पहले ही बाहर बैठे लोगों से मिले, उनकी समस्याएं सुनी, ज्ञापन लिया और कुछ प्रकरणों पर समाधान तत्काल किया गया और कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल आदेशित किया गया। एसपी कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई के दिन दर्जनों पीड़ित अपनी व्यथा लेकर आते है। जिसके चलते आज भी लोग अपनी शिकायतें और ज्ञापन लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे थे। जैसे ही पुलिस कप्तान कार्यालय पहुंचे, लोग अपनी शिकायत देने उनके कैबिन पर पहुंचने वाले ही थे कि तभी एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा स्वयं पीड़ितों के बीच पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इतना ही नहीं उनकी सभी संबंधित शिकायतों को बारीकी से सुना और तत्काल समस्याओं का समाधान करने आदेशित भी किया। कुछ शिकायतों का तो मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उनकी इस एक पहल से जहां एक ओर जनता को त्वरित न्याय की उम्मीद बंधी तो वहीं दूसरी ओर श्री बहुगुणा के सरस अंदाज ने जनता का दिल जीत लिया।

# केन्द्रीय कर्मियों को 3 डीए किश्तों का भुगतान

**वित्त मंत्रालय ने के व्यय विभाग ने जारी किए आदेश**

**जबलपुर यशभारत।**भारत सरकार वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने ने1जनवरी2020से जनवरी202तक की महगाई भत्ते की तीन किश्तों को आज20जुलाई को जारी आदेश मे घोषित कर दिया है । जिसके द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 01.01.2020, 01.07.2020 और 01.01 से देय महंगाई भत्ते की किस्त जो1जनवरी2021 को रोक दिया गया था ।उसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है । केंद्र सरकार के कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ता 1 जुलाई, 2021 से मूल वेतन के मौजूदा 17प्रतिशत से बढ़ाकर 28प्रतिशत कर दिया जाएगा। दिनांक 01.01.2020, 01.07.2020 और 01.01 2021 को होने वाली अतिरिक्त किश्तों में वृद्धि की गई है। 2 संशोधित वेतन संरचना में मूल वेतन शब्द का अर्थ है सरकार द्वारा स्वीकृत 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार पे मैट्रिक्स में निर्धारित स्तर में आहरित वेतन, लेकिन इसमें किसी अन्य प्रकार का वेतन जैसे विशेष वेतन, आदि शामिल नहीं है। महंगाई भत्ता पारिश्रमिक का एक विशिष्ट तत्व बना रहेगा और इसे एफआर 9 ( 21 ) के दायरे में वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। . ये आदेश रक्षा सेवाओं के अनुमानों से भुगतान किए गए नागरिक कर्मचारियों पर भी लागू होंगे और व्यय रक्षा सेवा अनुमानों के संबंधित शीर्ष पर प्रभार्य होगा। सशस्त्र बलों के कर्मियों और रेलवे कर्मचारियों के संबंध में क्रमश: रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय द्वारा अलग-अलग आदेश जारी किए जाएंगे। भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग से संबंधित व्यक्तियों के लिए उनके आवेदन में, ये आदेश संविधान के अनुच्छेद 148 (5) के तहत और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के परामर्श के बाद जारी किए जाते हैं।

# शराब के नशे में बहू पर कुल्हाड़ी से हमला

**जबलपुर।** थाना पाटन अंतर्गत एक कुल्हाड़ीबाज ससुर का कारनामा सामने आया है। जहां उसने मर्यादाएं लांघकर पहले तो जी भरकर शराब पी और फ़िर नशे में धुत्त होकर अपनी ही बहु के साथ गालीगलौच करने लगा। जब बहू ने मर्यादाओं का हवाला देकर ऐसा न करने की बात कहीं तो आगबबूला ससुर ने घर पर ही रखी कुल्हाड़ी से वार कर बहू को घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करए जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आकाश रजक उम्र 27 वर्ष निवासी व्यौहारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह आदित्य अस्पताल में आरएमओ के पद पर पदस्थ है। उसके दादाजी नन्हे भाई रजकए उसकी मां दुर्गा बाई रजक के साथ शराब के नशे में गाली गलौज करने लगेए उसकी मां दुर्गा बाई ने गालियां देने से मना किया तो उसके दादाजी ने घर मे पड़ी कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी मां के सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज करए फ़रार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## चोरी की ऐसी लत ,घर से दूर ग्वारीघाट में झोपड़ी में रहने लगा युवक से

# 7 बाइक चुराने वाला पकड़ाया



**ममेरे भाई के साथ मिलकर वारदात को देता था अंजाम**

**जबलपुर, यशभारत।** चोरी की ऐसी लत पड़ी कि युवक को नर्मदा किनारे रहने मजबूर कर दिया। उसने घर से दूर रहकर ग्वारीघाट के पास एक झोपड़ी बनाई और उसमें रहने लगा। ग्वारीघाट में दर्शन करने पहुंचने वाले लोगों की बाइक को निशाना बनाते हुए वह अपने ममेरे भाई के साथ एक नहीं 7 बाइक चुरा चुका था। लगातार ग्वारीघाट से बाइक चोरी होने पर पुलिस के कान खड़ेकर दिए, सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया तो दो युवकों पर पुलिस को शक हुआ जिन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो दोनों ने बाइक चुराने का स्वीकार किया। ग्वारीघाट टीआई विजय परस्ते ने बताया, ग्वारीघाट में मां नर्मदा का दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की बाइक कुछ दिनों से चोरी हो रही थीं। पुलिस ने घाट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो एक संदेही बाइक चुराते हुए दिखा। छानबीन की तो पता चला कि संदेही ग्वारीघाट में ही झोपड़ी डालकर रहता है। इस पर ग्वारीघाट की एसआई रितु उपाध्याय, एएसआई केपी पांडे, आरक्षक मुकेश मेश्राम, साकेत वर्मा की टीम को संदेही को दबोचने के लिए लगाया गया। टीम ने संदेही को दबोच लिया। उसकी पहचान चंद्रकुमार चौधरी के रूप में हुई।

### अधारताल का रहने वाला है आरोपी

आरोपी चंद्रकुमार चौधरी कंचनपुर अधारताल का रहने वाला है। कुछ समय से वह ग्वारीघाट क्षेत्र में ही झोपड़ी डालकर रह रहा था। आरोपी शातिर चोर है। पूर्व में गढ़ा पुलिस भी उसे बाइक चोरी के मामले में जेल भेज चुकी है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह कंचनपुर अधारताल निवासी ममेरे भाई रत्नेश उर्फ इंदे के साथ मिलकर मास्टर चाबी से बाइक चुराता था। रत्नेश जहां बाइक मालिकों पर नजर रखता था। वहीं ,चंद्रकुमार उसे चुराकर फरार हो जाता था।ग्वारीघाट पुलिस की हिरासत में आए आरोपी ने पूछताछ में घाट से 7 बाइक चुराना स्वीकार किया है। वहीं, ओमती क्षेत्र से एक और दो शहर के अन्य स्थानों से चुराया है। सभी बाइक आरोपी ने नरसिंहपुर के ठैमी सांकल गांव में रहने वाले रिश्तेदारों के माध्यम से आसपास के लोगों को सस्ते में बेच देता था। सभी आठ बाइक ग्वारीघाट पुलिस ने जब्त कर ली हैं।

# ट्रक में लोड गेंहू बेचकर धोखेबाज ने रची कहानी

**पहले एक्सीडेंट का बहाना, फिर वाट्सअप में फर्जी चैक देकर लगाया 3 लाख का चूना**

**जबलपुर। एक शातिर धोखेबाज ने सालों पुराने व्यापारी के साथ जालसाजी करते हुए उसका 15 हजार 60 क्वींटल गेंहू, जिसकी कीमत 3 लाख से ऊपर थी, जिसे बेंच दिया गया। पूरा मामला विजय नगर थाना अंतर्गत सतनाम ट्रेडिंग कम्पनी का है। कंपनी ने गेहूं लोड कर भेजा था लेकिन ट्रक चालक और ट्रक मालिक ने धोखेबाजी करते हुए माल को कहीं और खफा दिया और बाद में नुकसान की भरपाई करने के लिए फर्जी चैक पकड़ा दिया। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की थाने में शिकायत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार सतेन्द्रपाल सिंह गुजराल उम्र 61 वर्ष निवासी गुप्तेश्वर मदनमहल ने लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी सतनाम ट्रेडिंग कम्पनी व्ही 5/बी कृषि उपज मंडी धर्मकांटा के पास दमोहनाका के पास है, उक्त जगह से उसका कृषि से संबंधित व्यवसाय संचालित होता है। उसका देश के कई राज्यों में सामान लोड होकर जाता है।

### बैंगलोर के लिये भेजा था गेहूं

पीड़ित ने बताया कि 25 जून 2021 को उसके द्वारा ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीबी 2198 में 240 बोरी गेहूं जिसका वजन 15 हजार 60 क्विंटल कीमती 3 लाख 4 हजार 590 रूपये था, जिसे लोड करके बैंगलोर के लिये भेजा जा रहा था। उसके द्वारा ट्रक मालिक सुरेश चंद्र निवासी सामगी जिला उज्जैन को 30 हजार रूपये एडवांस में दिये गये थे, जो उक्त ट्रक को संबंधित जगह 1 जुलाई 2021 तक पहुंच जाना था, किन्तु जब तय समय तक ट्रक नही पहुंचा तो उसने ट्रक के चालक युवराज सिंह चौहान निवासी कालूखेड़ा उज्जैन से सम्पर्क करने का प्रयास किया। लेकिन मोबाइल बंद आने पर ट्रांसपोर्टर रविकांत सेन निवासी कालूखेड़ा जिला उज्जैन को मोबाइल पर सूचना दी कि गेहूं से लोडेड ट्रक अभी तक बैंगलोर नहीं पहुंचा है। रविकांत सेन के द्वारा ट्रक मालिक से सम्पर्क किया गया, जिसे ट्रक मालिक ने बताया कि ट्रक का रास्ते में एक्सीडेण्ट हो जाने से लोगों ने ड्रायवर के साथ मारपीट की है। जिससे ट्रक ड्रायवर ट्रक छोड़कर भाग गया है और कहा कि वह अभी बनारस में हूं। और सीधे ट्रक के पास जा रहा हूं।

**लोड था 15 हजार 60 क्विंटल गेंहू**

**ट्रक मालिक एवं ट्रक चालक के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज**

### व्हाटसएप नम्बर पर भेजा 3 लाख रूपये का चैक

10 जुलाई 2021 को उसने पुन ट्रक मालिक सुरेशचंद्र को कॉल किया तो सुरेशचंद्र ने उससे फोन पर कहा कि मैने आपका माल कहीं और बेच दिया और आपका जो भी नुकसान हुआ है नुकसान की भरपाई कर दूंगा। सुरेशचंद्र ने 12 जुलाई 2021 को पंजाब नेशनल बैंक जिला देवास के चैक से उसके व्हाटसएप नम्बर पर 3 लाख रूपये का चैक भेजकर कहा कि आपके खाते में चैक जमा कर दिया है ,परन्तु उसके खाते में आज तक कोई पैसा नही आया। उक्त भेजे गये चैक में ओव्हर राईटिंग एवं स्पेलिंग मिस्टेक की गयी है। ट्रक मालिक द्वारा उसका माल गबन कर लेने एवं लोडेड ट्रक को संबंधित जगह न भेजकर कहीं और माल को बेंच दिया गया। ट्रक मालिक सुरेशचंद्र एवं ट्रक ड्रायवर युवराज सिंह द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने शिकायत पर ट्रक मालिक सुरेशचंद्र एवं ट्रक ड्रायवर युवराज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर, सरगर्मी से फरार आरोपियों को तलाश रही है।

# राजीव नगर चेरीताल में छात्र का लूटा मोबाइल

## घर के सामने कर रहा था ऑनलाइन पढ़ाई

**जबलपुर,यशभारत।** कोतवाली थाना अंतर्गत चेरीताल के राजीव नगर में लूट की घटना सामने आई है। एक छात्र अपने घर के सामने बैठकर मोबाइल से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था, तभी बाइक में सवार युवक पहुंचे और उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। छात्र ने इस दौरान बदमाश लुटेरों का पीछा भी किया लेकिन एक पल में ही बाइक सवार आंखों से ओझल हो गए। जिसके बाद छात्र ने थाने में शिकायत की है। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीव्ही में कैद है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। जानकारी अनुसार करन सोनी पिता छोटे लाल सोनी निवासी राजीव नगर चेरीताल ने बताया कि वह रात को करीब 8 बजे अपने घर के सामने ऑनलाइन पढ़ाई करने हाथों में मोबाइल लिए बैठा था, तभी दो नकाबपोश बाइक सवार आए और उसके हाथों से मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्र ने बताया कि उसने बड़ी मुश्किल से ऑनलाइन क्लासिस अटेंड करने के लिए मोबाइल लिया था। जो अब लुट चुका है। जिसके बाद मामले की शिकायत थाने में की गई है। इस दौरान यह पूरा घटनाक्रम भी सीसीटीव्ही में कैद हो गया है। लेकिन अभी तक लुटेरों का कहीं कोई सुराग नहीं है।



### गश्त करने नहीं आता कोई पुलिसकर्मी

पीड़ित छात्र ने बताया कि राजीव नगर चेरीताल में स्थिति बहुत भयावह है। यहां दिन-रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहा है। चोरियां होना आम बात है, लेकिन पुलिस महिनों बीत जाने के बाद भी गश्त करने तक नहीं आती।

# सांड ने ले ली किसान की जान

**मूंग उखाड़ते समय किया था हमला, इलाज के दौरान मौत**

**जबलपुर।** सांड ने हमला कर एक किसान की जान ले ली। यह घटना उस वक्त हुई जब किसान खेत में बैठकर मूंग उखाड़ रहा था। तभी सांड ने उस पर हमला बोल दिया और उसे सींग से उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे कमर के नीचे नाजुक अंग लहूलुहान हो गए। खेत में ही वह काफी देर तक पड़ा, तडफता रहा। जिसके बाद किसान के परिजनों को इसकी जानकारी लगी। पूरी घटना कुंडम क्षेत्र के कनहरी गांव की है। घायल को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 22 दिन जिंदगी के लिए जद्दोजहद कर रहे किसान ने आज अंतिम सांस ली। कुंडम पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।कुंडम पुलिस के अनुसार कनहरी निवासी फग्गू सिंह (40) खेती-किसानी करता था। वह बीते 27 जून की दोपहर खेत में उड़द उखाडने गया था। उसी दौरान जंगल से निकले सांड ने उस पर हमला बोल दिया था। सांड के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। कमर के नीचे लहुलूहान हालत में फग्गू को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान फग्गू ने दम तोड़ दिया। ओमती पुलिस ने फग्गू के शव का पीएम कराते हुए मर्ग डायरी कुंडम भेजा। जहां मंगलवार को असल कायमी हुई। फग्गू शादी-शुदा था, लेकिन पत्नी छोड़कर चली गई थी। वह भाई छोटे सिंह के साथ रहता था। गांव में सांड की दहशत ऐसी हो गई है कि दूर से ही देखकर ग्रामीण भाग लेते हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि लोग अपने मवेशी जंगल में छोड़ देते हैं। इससे उनकी फसलों का भी नुकसान है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान | प्रवेश प्रारंभ
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )